## खबर संक्षेप

### शहर में फिर से शुरू हुई महापौर हेल्पलाइन

**छिंदवाड़ा।** नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा की शहर सरकार द्वारा आमजन की समस्या का त्वरित निराकरण करने के लिए महापौर विक्रम अहके द्वारा चलाई जा रही महापौर हेल्पलाइन को लोकसभा चुनाव के बाद नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के महापौर विक्रम अहके द्वारा पुनः प्रारंभ किया गया।महापौर विक्रम अहके ने बताया कि शहर के निगम से जुड़ी किसी भी समस्या के समाधान के लिए नागरिक मोबाइल नंबर 7610203037 के माध्यम से संपर्क कर सकते है। हेल्पलाइन नंबर पर नागरिक कार्यालय दिवसों में प्रातः 10 बजे से शाम 06 बजे तक कॉल कर सकते है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से शहरवासी अपनी मूलभूत सुविधाओं के लिए प्रतिदिन महापौर से संपर्क कर सकते है।

### कलेक्टर ने शासकीय उद्यान रोपणी जमुनिया का किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने आज उद्यान विभाग के अंतर्गत जिले के विकासखंड छिंदवाड़ा में स्थापित शासकीय उद्यान रोपणी जमुनिया का औचक निरीक्षण किया और रोपणी में संचालित गतिविधियों की जानकारी ली। उद्यान अधीक्षक श्री सालकराम चौकसे द्वारा बताया गया कि यह जिले की सबसे बड़ी नर्सरी है। इसका कुल रकबा 40.468 हेक्टेयर है। कुल 15 हेक्टेयर में नर्सरी संचालित है, जिसमें आम कलमी के मातृवृक्ष विशेष दशहरी, लंगड़ा, बाम्बेग्रीन, आम्रपाली, मल्लिका, अम्बिका, तोतापरी, हापुस, केसर आदि किस्म के पौधे हैं तथा नींबू कागजी, अमरुद इलाहाबादी सफेदा, आँवला नरेन्द्र 07 तथा चीकू आदि के भी मातृवृक्ष लगे हैं । वर्तमान में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत आम की नई प्रजाति अमरुद, सीताफल, सेव, काजू आदि पौधे मातृवृक्ष के रूप में लगाए जा रहे हैं। नर्सरी के 5 हेक्टेयर में मनरेगा योजना के माध्यम से नवीन सामुदायिक फलोद्यान लगाने की योजना प्रस्तावित है। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वीकृति के तत्काल उपरान्त कार्य शुरू करने निर्देश दिये हैं।

### आरोपियों के पास से 20 लाख 65 हजार रूपए का मशरूका बरामद

# पुलिस ने अंतर्राज्जीय चोरों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाडा

कुंडीपुरा पुलिस ने बुधवार को लंबे समय से फरार चल रहे अंतर्राज्जीय वाहन चोरों को आखिरकार दबोचने में सफलता हासिल कर ली है। पुलिस ने आरोपियों के पास से 20 लाख रूपए से अधिक की मशरूका सहित वाहन बरामद किए है।

बुधवार को उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की हैं जिसमें दिनांक 20/06/24 की रात्रि करीब 01.00 बजे से सुबह 6.00 बजे के बीच इसरा उमरिया में गनाराम कहार के किराये के घर के सामने,सिवनी रोड किनारे से महिंन्द्रा पिकअप वाहन क्र. MP-28-G-2844 व HDP पाईप ज्वाइडिंग मशीन एवं वेल्डिंग मशीन कुल कीमत 12 लाख रूपये



का कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया, रिपोर्ट पर अप क्र. 477/24 धारा 379 भा.द.वि. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । विवेचना के दौरान थाना कुण्डीपुरा पुलिस द्वारा तत्काल टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर सूचना तंत्र सक्रिय कर पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल के आसपास ,छिंदवाडा सिवनी रोड के ग्रीन होटल चौरई, अन्नपूर्णा लान चौरई, लकी ढाबा चौरई, लारा टोल नाका,NHAI के कैमरे नागपुर सिवनी रोड में, ख्वासा टोल नाका नागपुर रोड, सिवनी के सी.सी.टी.व्ही कैमरे को बारिकी से चैक करने पर पिकअप वाहन क्र.MP-28-G-2844 में लोड HDP पाईप ज्वाइडिंग मशीन एवं वेल्डिंग मशीन सहित नागपुर तरफ जाते हुये दिखाई दिया तथा खवासा टोल नाका के सी.सी.टी.व्ही कैमरे मे संदेही की फोटो प्राप्त होने पर संदेही की पहचान सायबर सेल छिंदवाडा व मुखबिर सूचना तंत्र के माध्यम रामप्रसाद पिता रिक्खीराम राय उम्र 27 साल निवासी ग्राम चिखला थाना कुरई जिला सिवनी के रूप में की गई इस कार्यवाही को अंजाम देने में कुंडीपुरा पुलिस टीम की अहम भूमिका रही।

#### ये है आरोपी

रामप्रसाद पिता रिक्खीराम राय निवासी- ग्राम चिखला थाना कुरई, सिवनी
सुनील पिता रिक्खीराम राय निवासी – ग्राम चिखला थाना कुरई जिला सिवनी

#### जप्त संपत्ति

01. एक महिन्द्रा कंपनी पिकअप वाहन क्र.**MP**28 **G** 2844 कीमत -600000 रूपये 02. लोड **HDP** पाईप ज्वाइडिंग मशीन एवं वेल्डिंग मशीन कीमत - 8,50,000 रूपये

#### घटना में प्रयुक्त वाहन

**MP**-09-**CG**-3820 कीमती 6,00,000 रूपये, दो नग बीम, दो नग डिफरेंसर, दो नग एक्सल एक नग सेल्फ स्टार्टर ,एक नग स्टेरिंग ,एक नग गियर बाक्स , आठ नग टाय़र कुल कीमती – 60,000/- रूपये कुल बरामद माल मशरुका 20 लाख 65 हजार रुपये।

### ड्राइवर और कंडेक्टर बाल-बाल बचे

# खाई में गिरी कार, क्रेन के सहारे निकाला बाहर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

परासिया से तामिया मार्ग पर साजकुही और लेहगढ़ुआ के बीच एक कार अनियंत्रित होकर 15 से 20 फीट गहरी खाई में गिर गई । जिसे क्रेन के सहारे बाहर निकाला गया । घटना में कोई जनहानि नहीं हुई , किंतु कार का सामने का हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया ।मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवार 25 जून करीब शाम 5 बजे की है । वाहन मालिक पंकज खत्री ने बताया , कि वे अपनी डिजायर कार क्रमांक एमपी 09 सी डब्ल्यू 8870 से इंदौर से छिंदवाड़ा जा रहे थे । इस दौरान साजकुही के आगे मोड़ पर उनकी गाड़ी के आगे कुत्ता आ गया ।जिसे बचाने के चक्कर में उनकी गाड़ी अनियंत्रित हो गई और खिसकते हुए खाई की तरफ चली गई । गनीमत है , कि गाड़ी फिसलते हुए खाई में गिरी यदि लुढ़कते हुए गिरती तो माजरा कुछ और होता । वाहन मालिक खत्री ने बताया कि उन्हें किसी तरह की कोई चोट नहीं आई । वे कार के कंडक्टर साइड के हिस्से का कांच खोलकर बाहर आ गए ।

#### नहीं है सुरक्षा के इंतजाम

**परासिया** – तामिया मुख्य मार्ग पर सड़क निर्माण कंपनी के द्वारा सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए हैं । जिस मोड़ पर यह हादसा हुआ वहां सड़क के दोनों ओर किसी तरह की बाउंड्री नहीं रखी गई है ना ही किसी तरह के कोई सांकेतिक चिन्ह लगाए गए जिससे वाहन दुर्घटनाओं को रोकने में मदद मिल सके । जिस जगह खाई में कार गिरी उस जगह यदि सड़क के किनारे लोहे आदि की साइड पट्टी लगी होती तो कारखाने जाने से बच जाती।

## पेंच एवं कन्हान क्षेत्र की खदानों को चालू कराने केन्द्रीय कोयला मंत्री से मिले सांसद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

सांसद बंटी विवेक साहू वेस्टर्नकोल फील्ड्सलिमिटेड कन्हान क्षेत्र एवं पेंच क्षेत्र में बंद कोयला खदानों एवं नई खदान चालू कराने को लेकर केन्द्रीय कोयला एवं खान मंत्री श्री किशन रेड्डी से मुलाकात की। उल्लेखनीय है कि सांसद श्री बंटी विवेक साहू से खदाने बंद होने पर क्षेत्र का व्यापार प्रभावित होने को लेकर अवगत कराया गया था। और सांसद से मांग की गई थी कि कन्हान क्षेत्र की तानसी भूमिगत खदान 36 लाख मैट्रिक टन, मोहन कॉलरी भूमिगत 66.60 लाख मैट्रिक टन, भारत ओ.सी.पी.एच.-3 ओपनकास्ट 4.52 लाख मैट्रिक टन, मोहन ओ.सी.पी.एच-5 ओपनकास्ट 65 लाख मैट्रिक टन, नारायणी ओ.सी. ओपनकास्ट 86.80 लाख मैट्रिक टन भूमिगत खदान की स्वीकृति नहीं मिलने के कारण वेस्टर्न कोल फील्ड लिमिटेड व्दारा खदानों को बंद कर दी गई इसी तरह पेंच क्षेत्र की धनकशा भूमिगत खदान 12 लाख मैट्रिक टन, छिंदा भूमिगत खदान 4 लाख मैट्रिक टन, विष्णुपुरी - 2 भूमिगत खदान 15 लाख मैट्रिन टन, छिंदा एक्सटेंशन खदान 10 लाख मैट्रिक टन भी बंद है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कोयला और खान मंत्री श्री किशन रेड्डी से आग्रह किया है कि खदानों के संचालन हेतु वन एवं पर्यावरण मंत्रालय एवं कोयला मंत्रालय से अनापत्ति दिलाकर नई परियोजनाओं को प्रारम्भ किया जायें।





**केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी से भी की मुलाकात :** सावनेर - नरसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात का दबाव अधिक होने से क्षेत्र की जनता व्दारा इस मार्ग को फोर लेन बनाने को लेकर लंबे से समय से मांग की जा रही थी। श्री बंटी विवेक साहू के छिंदवाड़ा सांसद बनने के बाद क्षेत्र के नागरिकों की मांग पर सांसद बंटी विवेक साहू केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री श्री नितिन गडकरी से मिले और क्षेत्र की जनता की मांग से अवगत कराते हुये सावनेर - नरसिंहपुर राष्ट्रीय राजमार्ग को फोर लेन बनाने की मांग की।

### जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य संबंधी अर्द्धदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन आज

**छिन्दवाड़ा।** भारत के महारजिस्ट्रार नई दिल्ली द्वारा जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य से संबंधित नवीन **Revamped** पोर्टल प्रारंभ किया गया है। जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य को सरल एवं सुगमता से सम्पादित करने की दृष्टि से आयुक्त/मुख्य रजिस्ट्रार आर्थिक एवं सांख्यिकी भोपाल द्वारा दिए गए निर्देशानुसार जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य संबंधी अर्द्धदिवसीय प्रशिक्षण 27 जून 2024 को दोपहर 12 बजे जिला पंचायत छिन्दवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजित किया गया है। जिला स्तरीय आयोजित प्रशिक्षण जनगणना कार्य निदेशालय भोपाल के उच्च अधिकारियों/मास्टर ट्रेनर्स द्वारा दिया जायेगा कलेक्टर एवं अतिरिक्त मुख्य रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) शीलेन्द्र सिंह ने इस परिपेक्ष्य में सभी रजिस्ट्रार जन्म-मृत्यु पंजीयन को निर्देश दिये हैं कि जन्म-मृत्यु पंजीयन कार्य में अपने अधीनस्थ कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी के साथ ही एक डाटा एन्ट्री ऑपरेटर को नवीन **Revamped** पोर्टल के प्रशिक्षण में उपस्थित होने के लिये समुचित निर्देश जारी करना सुनिश्चित करें।

### जिले में अभी तक 129.6 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**छिन्दवाड़ा।** जिले की औसत वर्षा 1059 मि.मी. है तथा जिले में अभी तक 129.6 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है, जबकि गत वर्ष इस अवधि तक 85.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई थी। जिले में 26 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान 4.4 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि 26 जून को प्रातः 8 बजे समाप्त 24 घंटों के दौरान तहसील तामिया में 40, और हर्रई में 9 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

## 8 दिन के आश्वासन पर भूख हड़ताल समाप्त

### प्रशासन की बैठक के बाद सुलझा मामला, जिला भाजपा महामंत्री भी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

रंगारीसापर में विगत दो माह से शराब दुकान हटाने को लेकर चल रहे हैं धरना आंदोलन का निराकरण हो गया है। यहां पर आंदोलन कर रहे ग्रामीणों को लंबी मशक्कत के बाद में आखिर सफलता मिल गई है। रंगारी सापर की शराब दुकान हटाने को लेकर ग्रामीणों के द्वारा ज्ञापन धरना रैली दिडी यात्रा शराबियों का सत्कार भूख हड़ताल के माध्यम विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। बुधवार को आंदोलनकारीयो एवं प्रशासन की बैठक के बाद में 8 दिन के भीतर यहां से शराब दुकान हटाने के कलेक्टर का आश्वासन मिलने के बाद आंदोलनकारियो जूस पिलाकर आंदोलन समाप्त किया। मिली जानकारी के अनुसार 24 जून से यहां पर भूख हड़ताल आंदोलन प्रारंभ किया गया था। इस दौरान जिला आबकारी अधिकारी, एस डी ओ पी व्ही नागर आंदोलनकारी से मिलने आंदोलन स्थल पर पहुंचे,कलेक्टर से दूरभाष पर भूख हड़ताल पर बैठे पूर्व जनपद अध्यक्ष भागवत महाजन, विजय चौधरी की चर्चा करते हुए यह शराब दुकान कन्हान क्षेत्र की अन्य पंचायत क्षेत्र में भी दुकान नही लगाने की मांग रखी। इसके बाद में अनशनकारियों को अधिकारियों के द्वारा जूस पिलाकर आमरण अनशन को समाप्त किया गया।आंदोलन का नेतृत्व कर रहे हैं पूर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष श्री महाजन ने बताया किप्रशासन के द्वारा 8 दिनों के भीतर यहां से शराब दुकान अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का आश्वासन मिला है,यदि शराब दुकान को 8 दिन के अंदर सानांतरित नहीं किया गया तो आंदोलन फिर से किया जाएगा।



#### कन्हान क्षेत्र से बाहर लगे शराब की दुकानः राहुल

बुधवार को शराब दुकान हटाने को लेकर चल रही भूख हड़ताल आंदोलन में जिला भाजपा महामंत्री राहुल मोहोड ने भाजपा नेताओं के साथ में पहुंचकर भूख हड़ताल पर बैठे आंदोलनकारी से मुलाकात कर अपनासमर्थन देकर चर्चा की। बैठक के संबंध में जानकारी देते हुए जिला भाजपा महामंत्री श्री मोहड़ बताया कि रँगारी की शराब दुकान हटाने को लेकर अधिकारियों से चर्चा हुई है। जिसमें हमारे द्वारा अधिकारियों से निवेदन किया गया यह शराब दुकान रंगारी सापर में नहीं तो कहान क्षेत्र के किसी भी गाव में नहीं लगनी चाहिए। इस शराब दुकान को कहान क्षेत्र से बाहर लगाना चाहिए।

## अशोक लेलैंड ने छिंदवाड़ा में खोली नई डीलरशिप




**छिंदवाड़ा।** हिंदुजा समूह की प्रमुख भारतीय कंपनी और देश की अग्रणी कमर्शियल वाहन निर्माता कंपनी अशोक लेलैंड ने छिंदवाड़ा में लाइट कमर्शियल व्हीकल्स के लिए अपनी नई डीलरशिप का उदघाटन किया। यह मध्य प्रदेश में कंपनी की 8वीं लाइट कमर्शियल व्हीकल डीलरशिप है। नए चैनल पार्टनर सुनील मोटोकॉर्प के पास 3ए (सेल्स, सर्विस और स्पेयर्स) सुविधा है। यह सुविधा छिंदवाड़ा के दुर्गा मंदिर, चंदनगांव, नागपुर रोड, छिंदवाड़ा में स्थित है। यह सुविधा उन्नत उपकरणों, 5 क्विक सर्विस बे से सुसज्जित है और इसमें बेहतरीन ग्राहक अनुभव सुनिश्चित करने के लिए बेहतर और आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर है।

## निगम ने अपशिष्ट संग्रहण पर किया 2500 रूपए का जुर्माना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा द्वारा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट संग्रहण अभियान अंतर्गत जोन स्तर पर विशेष अभियान चलाते हुए सभी स्वच्छता निरीक्षकों द्वारा शहर में अनधिकृत रूप से पड़े हुए एवं नागरिको द्वारा डंप करने वाले सी.एण्ड.डी. वेस्ट पर आवश्यकतानुसार कार्यवाही करते हुए बुधवार को 26 जून को शहर में कुल 5 लोगो पर कार्यवाही की गई जिसमे संबंधितो पर कुल 2500/- राशि रूपये का अर्थदंड अधिरोपित किया गया।

#### निगम ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर

नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के आदेश पर निकाय द्वारा निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट संग्रहण अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत निकाय द्वारा संपर्क नम्बर जारी किए गए है जिन पर संपर्क करके भवन स्वामी निर्धारित राशि का भुगतान करके अपनी निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट समाग्री का डिस्पोजल करवा सकते है। निकाय द्वारा इस सामग्री को जामुनझिरी स्थित प्लांट में पुनः अन्य उपयोग हेतु प्रोसेस किया जाएगा। निकाय द्वारा 9301065729 एवं 07162242346 जारी किया गया है।

### गांव के लिए देवदूत साबित हो रहा अमृत सरोवर तालाब

**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले की ग्राम पंचायत जमुनियाकला के ग्राम पिपरियाखुर्द में शांतिधाम परिसर के पास मनरेगा योजना से बना अमृत सरोवर तालाब गांव और ग्रामीणों के लिए देवदूत साबित हो रहा है। 19 लाख 30 हजार रूपये की लागत से बने इस तालाब की जल ग्रहण क्षमता 11000 क्यू. मीटर है, जिसने तालाब के आस-पास स्थित खेतों को हरियाली की चादर ओढ़ा दी है। मनरेगा योजना में बने अमृत सरोवर तालाब के पास 25 से 30 एकड़ भूमि पर होने वाली फसलों को लाभ हो रहा है। किसी समय इस गांव में बारिश पर आधारित मक्के और सोयाबीन की फसल बस होती थी और अब किसान तीन से चार फसलों का उत्पादन कर रहें हैं। तालाब के आस-पास स्थित 20 किसानों का कहना है कि तालाब किसी देवदूत से कम नहीं है, इसके निर्माण से हमारा आर्थिक स्तर भी सुधरा है। साल 2022-23 में बने इस तालाब का लाभ अब मिलने से ग्रामीणों के चेहरे खिले हुए हैं।



## बिजली का पोल टूटा, इलाज के दौरान महिला की मौत

### नवेगांव क्षेत्र अंतर्गत मनकूघाटी पंचायत में हुई घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विकासखंड अंतर्गत नवेगांव क्षेत्र में लगा बिजली का पोल टूटकर महिला के ऊपर गिर जाने से उसकी मौत हो गई है। मिली जानकारी अनुसार नवेगांव क्षेत्र के मनकूघाटी पंचायत के ग्राम टोईढाना ग्राम के खेत में बुवाई कर रही बलवती यदुवंशी के ऊपर विद्युत पोल गिर जाने से गंभीर चोट आई ।जिन्हें तुरंत 108 की मदद से जुन्नारदेव अस्पताल ले जाया गया वहां से छिंदवाड़ा रेफर किया था ।परंतु स्थिति को देखते हुए उसे परासिया हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। वहां पर उसकी मृत्यु हो गई। सूत्रों ने बताया कि नवेगांव डी सी में लगभग 70 किलोमीटर लाइन 440 बोल्ट का विस्तार होता है। इसमें लगभग 100 गांव से होते हुए गुजरती है ।परंतु हर गांव में बिजली के तार नीचे से झूल रहे हैं। हमेशा दुर्घटना की समस्या बनी रहती है। बिजली विभाग को बार-बार ग्रामीणों द्वारा बताया जाता है की तार झूल रहे हैं। लेकिन बिजली विभाग के कर्मचारी उनकी बात को सुनकर अनसुनी कर देते हैं। जिससे यह दुर्घटना हो रही है। किसान अपने खेतों में बोवनी भी अच्छी तरीके से नहीं कर पा रहे हैं जिससे खेती भी प्रभावित हो रही है।



### आयुक्त के निर्देश पर प्लांट की कराई सफाई



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर भरतादेव स्थित मानसून के पूर्व 11.5 mld प्लांट की क्लेरी कैलकुलेटर की साफ सफाई कराई गई। जिससे बारिश में आने वाले गंदे पानी की प्रभावी तरीके से पूरी क्षमता से कम समय में साफ करके उपलब्ध कराया जा सके। इस कार्य से निकाय के रहवासियों को बारिश के अस्वच्छ पानी से निजात मिलेगी।

### सड़क निर्माण में इसी क्षेत्र के ठेकेदार द्वारा कुआं किया जा चुका है दफन

# सड़क कंपनी की लापरवाही से पेयजल कुएं में भर गया कीचड़-पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया ग्राम पंचायत का भारिया ढाना मोहल्ले के भारती परिवार के पति-पत्नी कई साल से अनिल गांधी एवं पत्नी बिशनिया सरपंच चुने गये हैं! ईसी ढाने मैआज भी पेयजल संकट विद्यमान है! और लोग कुएं से दैनिक जीवन उपयोग के लिए पानी लेते हैं! लेकिन तामिया से जुन्नारदेव सड़क बनाने वाली कंपनी जो पहले से ही मुसीबत का सबब साबित हो रही है!! और उसकी मनमानी के चलते आज भी परेशानी आमजनो को हो रही है! उदाहरण के तौर पर पिपरिया मार्ग पर भरी बरसात में पुलिया खोदी गई पुलिया के कारण लोगों की परेशानी सड़क कंपनी ने खड़ी कर दी भारिया ढाना में अनावश्यक रूप से मिट्टी का काम किया जा रहा था!लेकिन ढाना में रहने वाले भारतीय जनजाति के लोगों की परेशानी उस समय और बढ़ गई जब पहली बारिश मैं नाली नहीं बनाने के कारण सड़क का पानी जो मोहल्ले वालों के लिए जनउपयोगी कुऐ में सड़क का पानी एव कीचड़ भर गया जिससे अब में पीने के पानी के लाले पड़ गए हैंर वही कुएं में कीचड़ आ जाने से इसका पानी नहीं लिया जा सकता इस तरह सड़क कंपनी की लापरवाही के चलते गंदा पानी एवं कीचड़ भर जाने से भारी बरसात भारी बरसात में खड़ा हो गया है!इस मोहल्ले वालों की मुसीबत घटने के बजाय ठेकेदार की लापरवाही कारण और बढ़ गई है! वहीं सड़क ठेकेदार की मनमानी के चलते मोहल्ले में बड़े-बड़े झाड़ बिना अनुमति काट.दिये थे वहीं इसी मोहल्ले में एक और पुरना कुआं था! जिसको सड़क कंपनी ने सड़क निर्माण में दबा दिया गया इस तरह सड़क निर्माण कंपनी की मनमानी के कारण एकमात्र कुआं पूरे साल पानी उपलब्ध करवाता था!उसमें भीअब कीचड आ गया! जिस कारण इस मोहल्ले वालों की समस्या पीने के पानी के लिए और बढ़ गई।



## फर्जी हाजिरी मस्टरोल में भरकर किया जाता है चहेतों के जॉब कार्ड में भुगतान

# सिधौली पंचायत मनरेगा के पोखर निर्माण में करवा रही है बाल मजदूरों से मजदूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया



तामिया जनपद पंचायत अंतर्गत सिधौली पंचायत के अंतर्गत उमरवाह ग्राम में बन रहे लाखो रुपए से बन रहे निर्माणाधीन डेम में कुछ नाबालिगों से मजदूरी कार्य कराया जा रहा था मजदूरी कर रहे बच्चे से उसकी उम्र जाननी चाही जिस पर नाबालिग बच्चे ने अठ्ठारह वर्ष पूरे होने की बात कही हमारे संवादाता ने जब आधार कार्ड मांगे जाने पर नाबालिग ने कहा अभी सत्रह पूरे हुए हैं नाबालिगों को मजदूरी कार्य में लगाए जाने के बाद अक्सर ग्राम पंचायत सिधौली के मेट राजेश ताराम उन्हें यह भी सीखा देते हैं कि किसी प्रकार की पूछताछ में अपनी आयु अठ्ठारह वर्ष बतानी है।सामान्य रूप से मजदूरी कार्य में लगे नाबालिग भी स्वयं को बालिग बताते हैं यही नजारा भी देखने मिला जब हम उमरवाह ग्राम में बन रहे निर्माणाधीन डेम में पहुंचे तो हमे नाबालिग बच्चे कार्य करते मिले जब काम कर रहे नाबालिग बच्चे से उसकी उम्र पूछी तो उसने कहा कि वह अठ्ठारह वर्ष का हो गया है जिस पर उससे आधार कार्ड मांगा तो नाबालिग ने बताया कि उसका आधार कार्ड उसके पास नहीं है।जन्म तिथि व स्कूल की पढ़ाई के संबंध में पूछे जाने के बाद बच्चे ने कहा कि वह सत्रह वर्ष के आसपास है यही स्थिति अन्य नाबालिग मजदूरों के साथ दिखाई दी चौदह व पंद्रह वर्ष के बच्चे भी स्वयं को बालिग बताते नजर आए टीम ने जब सचिव को फोन किया तो उनका फोन नही लग पाया वही जब मेट को हमारे द्वारा फोन किया गया तो मेट राजेश टर्म द्वारा कहा गया की जहा भी शिकायत करना हे कर दो हमारा कुछ नही होगा,अन्य ग्रामीणों से पूछताछ की जिस पर पता चला कि अन्य मजदूरों के साथ नाबालिग बच्चे भी कार्य करने के लिए पहुंचे हैं अब देखना ये है की प्रशासन के उच्च अधिकारी इस मामले में ग्राम पंचायत सिधौली के सचिव और मेट राजेश ताराम पर क्या कार्यवाही करते हे।

## खामखेड़ा में लाल पानी का संकट ग्रामीण बीमारियों के खतरे में



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

विकास खंड जुन्नारदेव के ग्राम पंचायत खामखेड़ा में शिव मंदिर के पास स्थित हैंडपंप से लाल पानी आने की समस्या सामने आई है। ग्रामीणों का कहना है कि पानी का रंग लाल होने के साथ ही पानी आने में भी देरी होती है। कुछ ग्रामीणों का अनुमान है कि पाइपलाइन में खराबी के कारण यह लाल पानी आ रहा है। यह लाल पानी पीने योग्य नहीं है और स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। इस समस्या के बावजूद, अभी तक किसी भी संबंधित अधिकारी ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। ग्रामीण इस लाल पानी को पीने को मजबूर हैं, जिससे उन्हें बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है। स्थानीय पंच एवं सरपंच, उपसरपंच का ध्यान बिलकुल नहीं। ग्रामीणों ने ऊपरी स्तर से जल विभाग और ग्राम पंचायत से शीघ्र समाधान की मांग की है।

## छात्र छात्राएं रहे हमेशा नशे से दूर: डॉ भाग्यश्री गावंडे



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

अंतर्राष्ट्रीय नशा निवारण दिवस के उपलक्ष्य में बुधवार को स्थानीय शास. प्रभावती मानेकर उ.मा.विद्यालय में श्रीमती डॉ. भाग्यश्री गावंडे के विशेष आतिथ्य में समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ राजेश गावंडे उपस्थित थे।आयोजन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं की उपस्थिति में आयोजित इस समारोह में श्रीमती गावंडे ने संबोधित करते हुए बताया कि ₹बच्चों को किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिये, नशे की आदत संगत व अनुकरण के कारण प्रसारीत होती है, जिससे शारिरिक एवं मानसिक बिमारी का शिकार होना पड़ता है, यदि लत लग जाये तो जान भी गवानी पड़ सकती है। नशे की लत से पारिवारिक कलह, आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता है एवं सामाजिक प्रतिष्ठा भी धुमिल होती है। बड़ों को भी अपने घर के वातावरण को स्वस्थ रखने के लिये स्वयं जागरूक रहना चाहिये।₹कक्षा 10वी की छात्रा कु. वैष्णवी सिरसे ने अपने उद्बोधन में कहा कि 'हमारे देश का उज्वल भविष्य युवाओं पर टीका हुआ है, अगर देश की युवा पीढ़ी ही नशे की राह पर चलने लगे तो निश्चित ही उनका भविष्य अंधकार में चला जाता है, जो देश के विकास में बाधा बनता है। इस अवसर पर उपस्थित प्राचार्य मोहम्मद रियाज, व्याख्याता लहू सरोदे, विज्ञान शिक्षक सुनिल कोरडे, अश्विन तकीतकर, बंडू गुरव आदि ने भी छात्रों का मार्गदर्शन किया।

## तिगांव एवं मारूड में डॉक्टर मिले गैरहाजिर

**पांढुर्ना**। आज आकस्मिक निरीक्षण के दौरान विकासखंड पांढुर्ना के ग्राम मारूड एवं तिगांव के स्वास्थ्य केंद्र में जिन डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है वे ड्यूटी के समय में नदारद पाए गए। जानकारी मिली है कि बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे ने ड्यूटी से गायब मिले डॉक्टरों के विरूद्ध कडी कारवाई की अनुशंसा कर सीएमएचओ को मामला प्रेषित किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम मारूड में बीएमओ डॉ. दीपेंद्र सलामे सुबह 10.25 बजे स्वास्थ्य केंद्र में पहुंचे तो डॉ. लीना नागले ड्यूटी से नदारद पायी गई। इसी प्रकार ग्राम तिगांव के स्वास्थ्य केंद्र में डॉ. आकाश कराले एवं डॉ. आकांक्षा पाटनी भी गैरजाहिर मिली। ग्राम तिगांव के अस्पताल में बीएमओ ने 10.45 बजे आकस्मिक निरीक्षण किया। यहां गौरतलब है कि कुछ दिनों पहले विकासखंड के ग्राम बडचिचोली के स्वास्थ्य केंद्र में भी निरीक्षण के दौरान सभी डॉ. ड्यूटी से गायब पाए गए थे। डॉक्टरों की ड्यूटी से गायब पाए जाने की या लेट लतीफ ड्यूटी पर आने की आदत कब छूटेगी पता नहीं। आज के निरीक्षण में डॉक्टरों के अलावा अन्य स्टाफ ड्यूटी पर मौजूद पाया गया।



## लाल बहादुर स्कूल में जोरशोर से मनाया प्रवेशोत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

आज यहां शा. लाल बहादुर शास्त्री बालक माध्य. शाला पांढुर्ना में स्कुल शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश शासन भोपाल के निर्देशानुसार स्कूल चलें हम अभियान के अंतर्गत प्रवेश उत्सव का आयोजन किया गया। शाला में भविष्य की भेंट कार्यक्रम शिक्षा विभाग मध्य प्रदेश के निर्देश पर आयोजित किया गया था। इसमें कलेक्टर महोदय पांढर्ना द्वारा विभिन्न शालाओं हेतु नियुक्त किए गए। विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने शालाओं में उपस्थित होकर एक कालखंड पढ़ाया। इस अवसर पर शासकीय लाल बहादुर शास्त्री बालक माध्यमिक शाला पांढुर्ना में सौसर अनुविभाग के उप वन मंडलाधिकारी सौसर प्रमोद चोपडेजी ने कक्षा 8 वी के विद्याथ्रियों को वानिकी और पर्यावरण तथा जैव विविधता के संरक्षण विषय पर अध्यापन कराया। इसके बाद वानिकी प्रश्नोत्तरी में प्रथम स्थान पर वेदांत श्रीराम शर्मा, द्वितीय स्थान जय प्रहलाद नाडेकर, तृतीय स्थान पर चैताली राजू पराडकर रहे। प्रमोद चोपडे उप वन मंडलाधिकारी सौसर द्वारा अपने छात्र छात्राओं को पुरस्कार का वितरण किया गया। इस अवसर पर शाला के एस.एम.सी.अध्यक्ष दिवाकर देशमुख, शाला प्रमुख श्रीमती स्मिता पात्रिकर, वरिष्ठ शिक्षिका पुष्पा धारपूरे, दिनेश डोंगरे महाजन, राजकुमार चौधरी, सुनीता सोनी, सोनल राउलकर, कीर्ति पराडकर, योगिता घागरे, जीतेन्द्र मर्सकोले तथा भूपेंद्र पारधी, प्रमोद परतेती आदि शिक्षक शिक्षिकाओं और रमेश गौतम, पंकज भलावी, वन विभाग का और छात्र-छात्राओं का सराहनीय योगदान रहा।

## व्यक्ति के साथ - साथ समाज को भी कमज़ोर बनाता है नशा

**बालाघाट**। भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ,सामाजिक न्याय एवं दि दिव्यागजन सशक्तिकरण विभाग मध्य प्रदेश शासन ,जिला नशा मुक्ति अभियान संगठन एवं आरोग्य भारती व्यसन मुक्ति आयाम के संयुक्त तत्वाधान में बालाघाट ज़िले की ग्राम पंचायत बुदबुदा में अंतरराष्ट्रीय नशा निवारण दिवस का आयोजन किया गया।इस अवसर पर नशा विरोधी रेली व नशामुक्ति जनजागरण सभा का आयोजन कर नशीले वस्तुओं के घातक दुष्परिणामों के बारे में अवगत कराकर नशीले पदार्थों से दूर रहने की सलाह दी गई है। भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के नशामुक्ति एवं पुनर्वास सलाहकार धनेंद्र हनवत ने कहा कि नशा एक ऐसी बीमारी है जो कि व्यक्ति के साथ साथ समाज को भी कमज़ोर बनाती है नशा जैसी बुराइयों के लिए सामाजिक में कोई भी किसी भी प्रकार की जगह नहीं होनी चाहिए।

## ग्राम ककोड़ी में ट्रक और बाईक सवार की हुई भिड़ंत

### दोपहिया चालक ने अस्पताल में ईलाज के दौरान तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज लांजी।

तहसील क्षेत्र लांजी में सड़क हादसों पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। परंतु वाहन चालक इन हादसों से कोई सबक नहीं ले रहे है। हादसों की इसी श्रंखला में लांजी तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम ककोड़ी में बालाघाट मार्ग पर ट्रक और बाईक की सामने से भिडंत हो गई जिसमें बाईक सवार व्यक्ति गणेश मड़ामे गंभीर रूप घायल हो गया जिसे निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कराया गया, जहां ईलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घटना के सबंध में मिली जानकारी के अनुसार ट्रक वाहन क्रमांक सीजी 04/एमवी 3129 बिलासपुर से चूनी लेकर बालाघाट की ओर जा रहा था, वहीं दूसरी ओर से घोटी घुसमारा निवासी गणेश मड़ामे 55 वर्ष अपने दोपहिया वाहन क्रमांक एमपी 50/एमसी 6543 से सब्जी लाने के लिए अपने ग्राम घोटी घुसमारा से लांजी आ रहा था तभी ग्राम ककोड़ी में ट्रक से उसकी भिडंत हो गई। उक्त हादसे में दोपहिया चालक गणेश मड़ामे के दोनो पैर और एक हाथ बुरी तरह से जख्मी हो गए थे, घायल को निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाकर भर्ती कराया गया जहां बीएमओ डॉ. प्रदीप गेडाम और उनकी टीम के द्वारा तत्काल ही उपचार प्रारंभ कर दिया गया लेकिन घायल ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। वहीं ट्रक को पुलिस थाना लांजी लाकर खड़ा कर दिया गया है। जहां पुलिस द्वारा अग्रिम कार्यवाही की जा रही है। तथा मृतक व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम पश्चात परिजनों को सौंप दिया गया है।



## मोक्षधाम में लगे भारत माता की जय और पारस पटले अमर रहे के नारे



### सड़क हादसे में मृत रिटायर सैनिक को नम आंखों से दी गई अंतिम विदाई

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी-सिवनी मुख्य सड़क मार्ग पर खमरिया के पास मंगलवार 25 जून की शाम करीब 04 बजे अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर रुप से घायल हुए भारतीय सेना के रिटायर सैनिक पारस पटले वार्ड क्रमांक 06 कटंगी निवासी की नागपुर उपचार के लिए ले जाते वक्त रास्ते में मौत हो गई थी. देवलापार के शासकीय अस्पताल के चिकित्सक ने मौत की पुष्टि की थी. जिसके बाद शव को कटंगी वापस लाया गया था. बुधवार को कटंगी में सिवनी रोड़ स्थित मोक्षधाम में उनके पार्थिव शरीर का अंतिम संस्कार किया गया. जहां बड़ी बेटी ने अपने पिता को मुखाग्नि दी. इस दौरान भारत माता की जय और पारस पटले अमर रहे के नारों के बीच उनका अंतिम संस्कार हुआ. कटंगी पुलिस ने मर्ग कायम कर अज्ञात वाहन चालक के विरुद्ध मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है. नम आंखों के साथ सैकड़ों की संख्या में यार-दोस्त, नाते-रिश्तेदार और नागरिक अंतिम यात्रा में शामिल हुए. विधायक गौरव सिंह पारधी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर पूरी घटना को लेकर गहरा शोक व्यक्त किया. वहीं परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं जाहिर की. गौरतलब हो कि पारस पटले ने 20 वर्षों तक भारतीय सेना में अपनी सेवाएं दी. करीब 06 माह पहले ही रिटायर होकर अपने घर वापस आए थे. घटना वाले दिन वह सुबह करीब 10 बजे अपने किसी निजी काम से बरघाट गए हुए थे।

## अतिथियों ने क्रीड़ा, खेलकूद व योग का बताया महत्व : टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय में प्रवेश उत्सव संपन्न

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।



स्थानीय टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय वारासिवनी में प्रवेश उत्सव कार्यक्रम का भव्य आयोजन संस्कार भारती संस्था के प्रांतीय उपाध्यक्ष व कवि प्रणय श्रीवास्तव अश्क के मुख्य आतिथ्य, योगाचार्य भेजेंद्र चौधरी के विशिष्ट आतिथ्य एवं सेवानिवृत्त शिक्षिका संध्या सहारे की अध्यक्षता में किया गया।

सर्वप्रथम सरस्वती जी के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर तिलक वंदन किया गया एवं समस्त अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन संतोष वाल्दे ने करते हुए सर्वप्रथम शाला के प्रधान अध्यापक पंचम हनवत को आमंत्रित किया। श्री हनवत ने टिहली बाई शासकीय माध्यमिक विद्यालय की ऐतिहासिक एवं शैक्षणिक जानकारी से अवगत करवाते हुए शासन के प्रवेश उत्सव कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए शिक्षा के महत्व को समझाया।

विशिष्ठ अतिथि भेजेंद्र चौधरी ने दैनिक जीवन में शिक्षा के साथ ही क्रीड़ा, खेलकूद, योग आदि का महत्व बताया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रणय श्रीवास्तव ने शिक्षा में माता, पिता एवं गुरु की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए सर्वांगीण विकास की बात समझाई।

कार्यक्रम अध्यक्ष श्रीमती सहारे ने प्राथमिक शिक्षा एवं माध्यमिक शिक्षा को जीवन का आधार बताते हुए जीवन को सफल बनाने के उपाय बताये। एन सी सी अधिकारी शलभ बैस ने जीवन में अनुशासन का महत्व समझाया एवं देश भक्ति, जन सेवा के क्षेत्र में भारतीय सेना के योगदान को बताया। इस अवसर पर नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं को पाठ्य पुस्तके, शाला गणवेश आदि का वितरण किया गया। बच्चों से जीवन में लक्ष्य हासिल करने पर प्रश्नोत्तरी के माध्यम से अपनी-अपनी इच्छा बताने के लिए आकर्षक प्रश्न पूछे गए, किसी बच्चे ने शिक्षक, किसी ने इंजीनियर, किसी ने डाक्टर, किसी ने पुलिस सेवा एवं किसी ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में जाकर कलेक्टर बनने की इच्छा बताई। सभी बच्चों को स्वल्पाहार, बिस्कुट, टॉफी वितरित की गई। इस अवसर पर शाला परिवार से अंजू नगपूरे, अंजू वासनिक, वंदना मैडम, मीनाक्षी बिसेन, मध्याह्न भोजन समूह के सदस्य एवं समस्त विद्यार्थी, नव प्रवेशित छात्र-छात्राओं की सराहनीय उपस्थिति रही।

## लांजी जनपद में हुआ रोजगार मेले का आयोजन



हरिभूमि न्यूज लांजी।

मप्र.डे. राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के सहयोग से सुरक्षा जवान एवं सुपरवाइजर पद के लिए रोजगार मेले का आयोजन बीआरसी भवन जनपद पंचायत लांजी में किया गया। जिसमें विकासखंड प्रबंधक सुश्री सुनीता चंदने, अतीत फुलमारी एवं सूर्याभान द्वारा कंपनियों के बारे में संक्षिप्त परिचय दिया गया। उन्होंने सभी अभ्यर्थियों से चर्चा की एवं भर्ती प्रक्रिया एवं ट्रेनिंग के लिये चयनित प्रतिभागीयों को समझाईश दी। रोजगार मेले में 91 युवक युवती का पंजीयन किया गया। जिसमें से 46 युवक-युवती का चयन हुआ। बताया गया कि चयनित अभ्यर्थियों को स्किल डेवलपमेंट ट्रेनिंग के दौरान मिलने वाली समस्त सुविधाएं प्रदान की जाती है। जिसमें रहना, खाना तथा ट्रेनिंग के पश्चात वेतनमान 14500 से 24000 तक और नौकरी के दौरान इंश्योरेंस ग्रेजुएटी, इपीएफ व अन्य सुविधाएं कंपनी के द्वारा प्रदान की जाती है।

## धारदार हथियार से महिला की हत्या, जांच में जुटी पुलिस, लांजी अनुविभाग के बहेला थाना के ग्राम मनेरी का मामला

**हरिभूमि न्यूज लांजी**। लांजी पुलिस अनुभाग के बहेला थाना अन्तर्गत ग्राम पंचायत मनेरी के वार्ड क्रमांक 20 निवासी सरीता पति कैलाश हटिले की 26 जून को सुबह 8 से 9 बजे के बीच धार दार कुल्हाड़ी से वार कर हत्या कर दी गई है हत्या का संदेह महिला के पति कैलाश हटीले पर किया जा रहा है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी अनुसार ग्राम मनेरी में कैलाश हटीले एवं उसकी पत्नि सरीता हटीले दोनो ही एक साथ निवास करते है घर में इनके अलावा और कोई नही था बच्चे बहार रहते है। 26 जून को सुबह 8 से 9 बजे के बीच आस पास के लोगो को पता चला की सरीता हटीले की मृत्यू हो गई वहीं हत्या किये जाने को लेकर संदेह महिला के पति कैलाश हटीले पर किया जा रहा है जो ग्राम में चर्चा का विषय बना हुआ है। घटना की सूचना बहेला पुलिस को दी गई जिस पर बहेला थाने से पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी घटना स्थल पर पंहुचे जहां एक कमरे में महिला सरीता हटीले का शव खुन से लथपथ पड़ा हुआ था तथा उसके पास ही एक कुल्हाड़ी भी रखी हुई थी बहेला पुलिस के द्वारा घटना स्थल पर शव का पंचनामा आदि कर शव को पोस्टमार्टम कराने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया है महिला के बच्चो के आने के उपरांत अग्रिम आवश्यक कानूनी कार्यवाही कर शव का पीएम किया जायेगा। साथ ही अनेको साक्ष्य बहेला पुलिस ने मौका स्थल से जप्त किये जाकर अभिरक्षा में लिये गये है। वहीं दुसरी ओर यह भी जानकारी प्राप्त हुई है उक्त घटना में संदेही आरोपी पति कैलाश हटीले को बहेला पुलिस के द्वारा हिरासत मे ले लिया गया है। संपूर्ण प्रकरण की जांच हत्या की धाराओ के तहत अपराध पंजीबद्ध कर एसडीओपी लांजी के दिशा निर्देश पर बहेला पुलिस के द्वारा की जावेगी।



## रानी दुर्गावती का शौर्य और वीरता पर विनस नगर में बलिदान दिवस मनाया

**उकवा**। उकवा रानी दुर्गावती का शौर्य और वीरता पर वार्ड नं 6 विनस नगर में बलिदान दिवस मनाया। प्रथम रानी दुर्गावती के छायाचित्र के समक्ष दीपक जलाकर माल्यार्पण करके रानी दुर्गावती का बलिदान दिवस मनाया गया समाजसेवी श्रीमती ऊषा गिरे के अनुसार सभी को उनकी जयंती हो अथवा पुण्यतिथि सभी को उनके नाम पे एक पौधारोपण करना चाहिए रानी दुर्गावती गोंडवाना राज्य की महारानी थी जिसने अपने राज्य को बचाने के लिए मुगलों से लड़ाई लड़ी थी वीरांगना रानी अपने आत्मसमान की रक्षा के लिए मृत्यु स्वीकार किया पर झुकना नहीं इस कार्यक्रम में श्रीमती सोमवती मड़वी अध्यक्ष पेसा एक्ट हीरालाल वरकड़े पन्नालाल वरकड़े आशा पंद्रे बेलाबाई कमरे ,रीना मर्सकोले,प्रमिला वरकड़े, तरुण मंडावी,ऊषा ठाकरे,मंतूरा ठाकरे,रहमत बाई गड़ेश्वर , वीनीता वरकड़े आदि ग्रामीणजन मौजूद रहे।



## कोबरा 208बटालियन बड़गांव में अपना 14वां स्थापना दिवस

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर**। कोबरा208 बटालियन ने अपना 14वां स्थापना दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया । स्थापना दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन दौरान श्री शशि भूषण सिंह बिष्ट, कमाण्डेंट, 208 कोबरा द्वारा यूनिट गार्ड का निरीक्षण कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। एवं जवानों द्वारा शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए, अपने उन 08 बहादुर वीर जवानों को याद किया गया, जो नक्सलियों से हुई मुठभेंड में बहादुरी से लड़ते हुए शहीद हुए है। इस अवसर पर शशि भूषण सिंह बिष्ट, कमाण्डेंट ने बटालियन की उपलब्धियों का वर्णन करते हुए बताया कि 208 कोबरा को अपनी शानदार परिचालनिक सफलताओं के मद्देनजर अब तक 23 वीरता पदक, 34 पराक्रम पदक एवं 265 महानिदेशक डिस्क प्रदान किये गये हैं, जो गौरवमयी इतिहास का स्वर्णिम अध्याय है। इसके अतिरिक्त महोदय ने वर्तमान परिप्रेक्ष्य में घटित होने वाली घटनाओं एवं परिस्थितियों की चर्चा करते हुए जवानों को ड्यूटी के दौरान सक्रिय और अनुशासित रहने के लिए प्रोत्साहित किया।

## खबर संक्षेप

### भगवान श्रीराम के वनगमन के दौरान जिले में प्रवास से संबंधित प्रमाण, दस्तावेज उपलब्ध कराने की अपील



हरिभूमि न्यूज सिवनी। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन ने भगवान श्रीराम के अपने वनवास अवधि में जिले की गई यात्रा अथवा प्रवास के संदर्भ में विस्तृत जानकारी संकलित करने के सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देशित किया है। उन्होंने आमजनों से भी अपील की है कि भगवान श्रीराम के वनगमन के दौरान सिवनी जिले में प्रवास से संबंधित कोई प्रमाण, दस्तावेज या जानकारी हो तो संबंधित अनुविभागीय अधिकारी अथवा कलेक्टर कार्यालय वरिष्ठ लिपिक शाखा में उपलब्ध कराए।

# 6 कृषि केन्द्र के लायसेंस निलंबित, शुक्ला कृषि केन्द्र सिवनी स हित 4 को नोटिस जारी कर मांगा जबाव

**कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिले में अमानक खाद-बीज विक्रय के रोकथाम के लिए कृषि विभाग के दल द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में निरीक्षण दल के नोडल अधिकारी प्रफुल्ल घोडेसवार सहायक संचालक कृषि सिवनी बीज निरीक्षक द्वारा जिले में बीज भण्डारण केन्द्रो का निरीक्षण किया गया।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।



खाद-बीज दुकानों का निरीक्षण करते कृषि अधिकारी

निरीक्षण के दौरान 6 संस्थान हिन्द कृषि सेवा केन्द्र केवलारी, आशीष कृषि केन्द्र मोहगांवसड़क, केशव कृषि सेवा केन्द्र उगली, वेद आर्गेनिक फर्टिलाईजर गोपालगंज, अम्बे ट्रेडर्स कान्हीवाडा एव पारस ट्रेडर्स कान्हीवाडा के औचक निरीक्षण के दौरान स्कंध पंजी संधारण न करना, बिल फाईल, बिल बुक, स्कंध व दर प्रदर्शित करने वाला बोर्ड नहीं पाये जाने के कारण उक्त संस्थानों के लायसेंस निलंबन की कार्यवाही की गई है।

इसी तरह 3 बीज विक्रेता संस्थान ललिताम्बर ट्रेडर्स पलारी, सांई ट्रेडर्स कान्हीवाडा, शिव कृषि केन्द्र पलारी, 1 कीटनाशक विक्रेता संस्थान शुक्ला कृषि केन्द्र सिवनी एवं एग्रो सीडस छपारा को निरीक्षण के दौरान अनियमितता पाये जाने पर उर्वरक नियत्रण आदेश 1985 के प्रावधानों के तहत नोटिस जारी किया गया। नोटिस का जबाव संतोषप्रद नही होने की स्थिति में बीज नियंत्रण आदेश 1983 एव उर्वरक गुण नियत्रण आदेश 1985 तथा कीटनाशी अधिनियम के प्रावधानों के तहत लाइसेंस निलम्बन की कार्यवाही की जावेगी।

# अनियंत्रित होकर ट्रेक्टर पल्टा, दबने से एक की मौत



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले के धूमा थाना अंतर्गत सलैया गांव के समीप शाम के समय एक हादसा हो गया। जहां अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलट गया। जिसके नीचे दबने से एक व्यकि की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सलैया ग्राम निवासी शिवपाल ट्रैक्टर लेकर खेत जा रहा था। रास्ते में ट्रैक्टर अनियंत्रित होने से पलट गया। उसमें दबकर शिवपाल की मौत हो गई। घटना की जानकारी प्रत्यक्ष दर्शियों ने धूमा पुलिस और 108 वाहन में दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। और जेसीबी की मदद से ट्रैक्टर को उठाया गया। ट्रैक्टर के नीचे दबे व्यकि को स्थानीय लोगो की मदद से निकलवाकर पंचनामा कार्यवाही कि गई। और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। धूमा थाना प्रभारी सतीश उइके ने बताया कि जानकारी मिली थी कि सलैया ग्राम में ट्रैक्टर की चपेट में एक व्यक्ति आ गया है। मौके पर पहुंचकर उसे निकलवाया गया। लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। मर्ग कायम कर जांच की जा रही है।

# बरघाट के पुष्कार ने जिले एवं प्रदेश का नाम किया रोशन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिले को बरघाट के बेटे पुष्कर टेंमरे ने भारत की ओर से यूरोप के डेनमार्क में आररन मैन 70.3 एलसीनोरे (तैराकी इक की सवारी और दौड़ ) खेल प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व किया और इस प्रतियोगिता का आयरन मैन खिताब भारत के नाम कर जिले को गौरांवित किया। पुष्कर टेमरे बरघाट निवासी योगेद्र टेमरे के सुपत्र एवं पूर्व पार्षद एवं भाजपा महिला मोर्चा बरघाट की अध्यक्ष श्रीमती किरण जितेन्द्र टेमरे के भतीजे है।

बरघाट को गौरांवित करने वाले पुष्कर टेमरे ने भारत की ओर से यूरोप के डेनमार्क में आयोजित प्रतियोगिता आयरनमैन 70.3 एलसीनोरे (तैराकी बाइक की सवारी और दौड़ ) प्रतियोगिता में पुष्कर ने निर्धारित 07 घंटे 17 मिनिट में 2 किलोमीटर स्विंमिंग, 90 किमी साइकिंलिंग और 21.1 किमी दौड़ पूरी कर यह पदक अपने नाम किया। बता दें कि पुष्कर टेंमरे ट्रायथलाँन कोच मनोज झा से आयरन मैन प्रतियोगिता के लिये प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। पुष्कर की इस सफलता पर उनके कोच सहित तैराकी कोच आरडी झा, एवं स्नेहीजनों ने उन्हें शुभकामनाएँ दी है एवं उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

### मानसून सत्र में नदियों एवं स्वीकृत खदानों से रेत का उत्खनन रहेगा प्रतिबंधित

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सुश्री संस्कृति जैन ने शासन के निर्देशानुसार 30/06/2024 की मध्य रात्रि से 01/10/2024 तक जिले की समस्त नदियों एवं स्वीकृत खदानों से खनिज रेत का उत्खनन प्रतिबंधित किये जाने के आदेश जारी किए है।

# मोटर सायकिल चोर चढ़े पुलिस के हत्थे

**पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील कुमार मेहता के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिवनी जी.डी. शर्मा, एसडीओपी सिवनी श्रीमति पूजा पांडे के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी बंडोल उ.नि. राजेश कुमार दुबे व्दारा थाना क्षेत्र में तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।



दिनाँक 26.04.2024 को प्रार्थी कैलाश कुमार पिता कोडीलाल कुशवाह उम्र 37 साल निवासी जनता नगर सिवनी ने थाना में रिपोर्ट लेख कराया था कि वह शादी पार्टी में केटरिंग का काम करता है। ग्राम बांकी में शादी समारोह में केटरिंग का काम करने मो.सा. क्र.MP-22,MC-0869 से आया था, जहाँ से कोई अज्ञात आरोपी ने उसकी मोटर सायकिल चोरी कर ले गया है।

जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द किया जाकर विवेचना में लिया गया। दिनाँक 24.06.2024 को मुखबिर सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बांकी का राजेश रजक संदिग्ध मोटर सायकिल लेकर गाँव में घूम रहा है मोटर सायकिल बेचने हेतु लोगो से चर्चा कर रहा है जो सूचना पर राजेश रजक को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर पुछताछ करने पर उसने अपने साथी आनंद भलावी, लोकेश यादव के साथ ग्राम बांकी, बंडोल व जिला छिन्दबाडा से अब तक कुल 04 मोटर सायकिल चोरी करना कबुल किया जो आरोपी राजेश रजक के साथी आनंद भलावी, लोकेश यादव निवासी कमकासुर थाना लखनबाडा को पुलिस अभिरक्षा मे लेकर आरोपियो की निशादेही पर कुल 04 मोटर सायकिल जप्ती की गई व आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया है जहाँ से जेल वारंट बनाये जाने पर जैल दाखिल कराया गया है। जप्ती (1) मो.सा.हीरो एच. एफ. डीलक्स MP-22,MC-0869 कीमती 15000 रूपये (2) मो.सा.हीरो एच.एफ. डीलक्स MP-22,MN-1025 कीमती 15000 रूपये (3) मो.सा.हीरो सुपर स्पेलेन्डर MP-28,ZE-1821 कीमती 60000 रूपये (4) मो.सा.हीरो ग्लेमर MP-28,MF-7184 कीमती 75000 रूपये गिरफ्तार आरोपीः- (1) राजेश पिता रमेश रजक उम्र 40 साल निवासी बांकी, (2) आनंद भलावी पिता रामराज भलावी उम्र 35 साल निवासी कमकासुर थाना लखनवाडा, (3) लोकेश पिता केसरी यादव उम्र 30 साल निवासी कमकासुर थाना लखनवाडा।

# अतिवृष्टि-बाढ़ की स्थिति में बाढ नियंत्रण कक्ष के नंबर 07692-225866 में करें सपंर्क

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अधीक्षक भू-अभिलेख सिवनी ने जानकारी देकर बताया कि शासन के निर्देशानुसार वर्षाकाल में अतिवृष्टि-बाढ़ आदि से उत्पन्न विषम परिस्थितियों से निपटने की पूर्व तैयारियों के लिए कलेक्ट्रेट परिसर स्थित लोकसेवा प्रबंधन कार्यालय में 15 जून से 30 अक्टूबर 24 तक की अवधि के लिए बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है। नियंत्रण कक्ष 24 घंटे सतत क्रियाशील रहेगा। बाढ़ आपदा नियंत्रण कक्ष दूरभाष क्रमांक 07692-225866 है। इसके प्रभारी अधिकारी अतिरिक्त सहायक अधीक्षक भू अभिलेख,श्री धीरूलाल परते, सिवनी मो. नं. 7089144702 को तथा श्री तोषराम लांजेवार, राजस्व निरीक्षक कार्यालय अधीक्षक भू-अभिलेख, सिवनी मो. नं. 9329306341 को सहायक प्रभारी अधिकारी को अपातकलीनि स्थिति में संपर्क किया जा सकता है।

### आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लखनादौन श्री हिमांशु जैन द्वारा तहसील लखनादौन ग्राम केवलारी निवासी दशरथ पिता ऐतन अहीर उम्र 40 वर्ष की आकाशीय बिजली गिरने से मृत्यु होने पर मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग (राहत शाखा), राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड छः क्रमांक 4 संशोधित आदेश 01 मार्च 2018 की कंडिका पांच (1) के तहत मृतक के निकटतम वारसाना पत्नि होमाबाई को 4 लाख रूपये की आर्थिक अनुदान सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### नाली में बिजली का पोल जंग खाने से हुआ टेढ़ा किसी भी दिन हो सकती बड़ी दुर्घटना



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** संजय वार्ड दादू मोहल्ला में पोल क्र० TG 18 विगत 20 वर्षों से नाली में लगा हुआ है और टेढ़ा हो गया है तथा नाली में होने के कारण नीचे से गल चुका है जो कि भविष्य में कभी भी गिर सकता है जिससे हम मोहल्लेवासी खम्बा कभी भी गिर जाने के भय से भयभीत हैं। उपरोक्त पोल के नाली के बीचोंबीच होने के कारण हमेशा कचरा जाम होता है पानी रोड से बहने लगता है। वर्तमान समय में नगर पालिका द्वारा नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है। ऐसे समय में उक्त खम्बे को उखाड़कर नाली से बाहर लगाने से बेहतर होगा जिससे कि वह गले गा नहीं और नाली में कचरा नहीं रुकेगाराने खंबा हटाए जाने को लेकर वार्ड वासी एकत्र हुए और विद्युत विभाग को ज्ञापन के माध्यम से अवगत कराया।

## गौहत्या में लिप्त अपराधियों का केस नहीं लड़ेगा कोई वकील, जिला अधिवक्ता संघ ने लिया निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

जिले के विभिन्न स्थानों पर हाल ही में घटित गौवंश हत्या की निर्ममता पूर्वक घटनाओं ने समाज में गहरा आक्रोश उत्पन्न किया है। इस नृशंस कृत्य के विरोध में सिवनी जिला अधिवक्ता संघ ने यह ठोस निर्णय लिया है कि गौवंश हत्या में लिप्त अपराधियों की ओर से कोई भी अधिवक्ता पैरवी नहीं करेगा। जिला प्रशासन ने भी इस निर्णय का समर्थन किया है और इसे सही दिशा में उठाया गया कदम माना है।

**निर्मम घटनाएँ और साम्प्रदायिक सौहार्द**

सिवनी जिले के धनोरा, धूमा, पलारी, और केवलारी थाना क्षेत्रों में गौवंश की गला काटकर हत्या की गई थी। इसके बाद मृत पशुओं को पवित्र बैनगंगा नदी में फेंक दिया गया था। यह घटना न केवल धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाती है, बल्कि जिले के साम्प्रदायिक सौहार्द को भी बिगाड़ने की एक घिनौनी कोशिश है।

**सिवनी जिला अधिवक्ता संघ का निर्णय**

जिला अधिवक्ता संघ ने इस घोर निंदनीय घटना की कड़ी निंदा की है। संघ ने सभी अधिवक्ताओं से अपील की है कि वे गौवंश हत्या में लिप्त अपराधियों की ओर से किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता न प्रदान करें। संघ का मानना है कि इस निर्णय से समाज में एक स्पष्ट संदेश जाएगा कि अधिवक्ता समाज भी सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ खड़ा है।

**जिला प्रशासन का समर्थन**

जिला प्रशासन ने अधिवक्ता संघ के इस निर्णय का स्वागत किया है और इसे सामाजिक सौहार्द को बनाए रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना है। प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि ऐसे मामलों में कठोरतम कार्रवाई की जाएगी ताकि भविष्य में कोई भी इस प्रकार के जघन्य अपराध करने का साहस न कर सके।

### गोहत्या प्रायश्चित्त पूजन कार्यक्रम का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत दिनों सिवनी जिले के विभिन्न क्षेत्रों मे हुई नृशंस गोहत्या के पाप का दण्ड सभी सिवनी जिला वासियों को न भुगतना पड़े (क्योंकि हम सबके जीवित रहते गो माता पर इतना बड़ा अत्याचार हुआ है), इस भावना से ब्रह्मलीन द्विपीठाधीश्वर धर्मसम्राट जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के विशेष कृपापात्र शिष्य गीता मनीषी पूज्य गुरुदेव ब्रह्मचारी श्री निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज की प्रेरणा व मार्गदर्शन में आज गुरुवार को शाम 5.00 बजे से मां बड़ी खैरमाई मंदिर परिसर - केवलारी में सामूहिक गीता पाठ, विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ तथा गोमाता का बहुविध पूजन कर क्षमा याचना करने हेतु गीता पराभक्ति मंडल - केवलारी एवं ब्लॉक ब्राह्मण समाज संगठन-केवलारी द्वारा गोहत्या प्रायश्चित्त पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया है, जिसमें आप सभी की अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति प्रार्थनीय है।

# पुलिया व नाली नहीं बनने के कारण बना परेशानी का सबब





घर-आंगन में घुस रहा बारिश का पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।

बंडोल में घरों के सामने हाल ही में सड़क का निर्माण किया गया है। बंडोल थाना से लेकर कात्यायनी मंदिर बखरी रोड के आसपास रहने वाले घरों के लिए नवनिर्मित ऊंची सड़क अब बारिश के दिनों में सिरदर्द बनी हुई है।

सड़क के किनारे गहरी नाली का निर्माण नहीं किया गया है। साथ ही घरों के सामने व सड़क के किनारे आने जाने मार्ग में पुलिया भी नहीं डाली गई है, जिसके चलते सड़क किनारे रह रहे लोगों के घर-आंगन में पानी बारिश का पानी घुस रहा है। वहीं कुछ लोगों ने घरों के सामने पुलिया डाल दी है लेकिन उसके आगे के घरों में पुलिया नहीं होने व नाली नहीं बनने के कारण अब ऐसे घरों में बारिश का पानी बड़ी मात्रा में घुस रहा है। इस मामले में शासन-प्रशासन के लोग, व जनप्रतिनिधि उदासीन बने है।

बंडोल निवासी अनिल दुबे, संजय बघेल, रिपुंजय शर्मा, शीलू साहू आदि ने बताया कि शिक्षक कॉलोनी वार्ड कात्यायनी माता मंदिर बखारी रोड बंडोल में सड़क किनारे रहने वाले रहवासियों को बारिश के दिनों में बारिश का पानी उनके घर, दुकान, आंगन में लबालब भर जाने से खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के रहवासियों ने इस मामले में समस्या के शीघ्र ही निराकरण किया जाने के लिए पंचायत के अधिकारी व नवागत कलेक्टर सुश्री संस्कृति जैन से गुहार लगाई है।

# सिवनी में हुई जघन्य सामूहिक गोहत्या का उचित संज्ञान ले सरकार- स्वामी सदानंद सरस्वती

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** विगत दिनों सिवनी में हुई सामूहिक गो हत्या का प्रकरण हमारे सामने आया इस प्रकरण ने बहुत हार्दिक आघात दिया। समस्त हिंदू समाज इससे दुखी हुआ। इस तरह सामूहिक हत्या किसी भी जीव की होती वह अनुचित थी। यहां गाय पर आघात करने का कारण क्या था? वह विचारणीय है। जैसा की जांच कमेठी का कहना है एक वर्ग विशेष के द्वारा गाय खरीद कर समूह हत्या कर जगह-जगह अपमानित करते हुए उन्हें फेंका गया तो यह कार्य गोमांस खाने के लिए नहीं किया गया बल्कि इसके पीछे और ही बात है। इस पर अब मात्र गहन विचार ही नहीं अपितु कठोर कार्रवाही सुनिश्चित करने की आवश्यकता है। हमारे सद्गुरुदेव द्विपीठाधीश्वर जगद्गुरु शंकराचार्य जी महाराज की जन्मस्थली सिवनी जनपद है। उनके दिव्य प्रभाव का ही असर है कि सिवनी की जनता ने गोहत्यारों के विरुद्ध जो एकजुटता दिखाई वह सर्वत्र अनुकरणीय है।

विगत लोकसभा चुनाव में मध्यप्रदेश में भाजपा के पक्ष में पूरी उन्नतीस सीटें देकर जो आश्चर्यजनक कार्य किया है कहीं उसका ही यह कारण तो नहीं कि अब सरकार और हिंदू मतदाता को चिढ़ाने के लिए यह कार्य किया गया है? जिस तरह अब हिंदू, मुसलमान का विभाजन करके चुनाव हो रहे हैं उसके गम्भीर परिणाम का प्रारम्भ होता इस प्रकरण में दिख रहा है। हिंदू मानबिंदुओं की रक्षा का दायित्व प्रदेश सरकारों और केंद्रीय सरकार को लेना ही होगा क्योंकि हिंदू वोट शत-प्रतिशत आपको मिला है। इस प्रकरण को करने वाले तो पकड़ लिये गये हैं किंतु इतने मात्र से ही



इतिकर्तव्यता नहीं हो जाती इसके पीछे किसकी मानसिकता है! किसने यह जघन्य कार्य करने प्रेरित किया यह जानना आवश्यक है। अभी सरकार ने सिवनी कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक को हटाया है किंतु यह समस्या का समाधान नहीं। जब तक आरोपियों को कठोर सजा नहीं दी जाएगी यह बात हिंदुओं को कष्ट देती रहेगी। न्यायवेत्ता अभियुक्त की मानसिकता और उद्देश्य समझ कर सजा तय करते हैं। यहां अभियुक्तों की मानसिकता (1) गायों की जाघन्य सामूहिक हत्या कर देश में दंगा करने की है।(2) केंद्रीय भाजपा को शत प्रतिशत सीट देने पर मध्य प्रदेश को सबक सिखाने की है। इस पर राष्ट्रद्रोह की धारा के अंतर्गत अभियुक्तों को सजा तय होनी चाहिए। सजा के पास कलेक्टर या पुलिस अधीक्षक नहीं गो हत्या करने वाले लोग हैं। इस प्रकरण का पूर्ण पटाक्षेप तभी होगा जबकि अभियुक्तों पर सामूहिक हत्या के लिए कठोर दण्ड सुनिश्चित होगा। चूंकि उच्चस्तरीय जांच एजेंसियों को लगाया गया है किंतु इनका कर मात्र आरोपियों को पकड़ना नहीं अपितु इस प्रकरण के पीछे जो साजिशकर्ता हैं उनका भी पर्दापाश करना होना चाहिए। बतौर हिंदू समाज के धर्माचार्य होते हुए इस प्रकरण पर बेबाक बोलने से हमें कोई नहीं रोक सकता। अब न्याय करना और न्याय होता हुआ दिखना भी चाहिए वरना हिंदू अगर बागी हुआ तो सरकार को ही खामियाजा भुगतना होगा। इसका हमलोगों ने समाधान दिया है कि- गाय को ‘राष्ट्रमाता’ का दर्जा दिया जाय। संविधान और कानून जाने से न केवल भाजपा अपितु सभी राजनीतिक दलों की भी जवाबदेही बन सकेगी। अब सरकार को यह चुनौती स्वीकार करनी ही होगी वरना सरकार आगे भी मध्यप्रदेश और देश में होने वाली दुर्घटनाओं के लिए तैयार रहे।

समाचार पत्रों और विभिन्न संचार साधनों से यह प्रकरण देशव्यापी हो चुका है। इस पर उचित निर्णय सरकार के लिए लाभप्रद एवं इसकी अनदेखी करना अहितकर होगा। अगर इस तरह की पुनरावृत्ति होती है तो शीतयुद्ध जैसा वातावरण बनने लगेगा इसलिए इसे गंभीरता से लेते हुए इस तरह का कार्य हो कि कोई दुबारा ऐसे करने की सोच भी ना सके। सनातन वैदिक मान्यता है - गाय चलता फिरता देवता है। घर-घर में भले गाय न हो पर गाय के प्रति श्रद्धा सभी के मन में है। इसलिए हम बार-बार आगाह कर रहे हैं कि इस प्रकरण को गंभीरता से लिया जाये।

# पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटन की असीम संभावनाएं- सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶|सिवनी।




मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा बुधवार 26 जून को आयोजित कार्यशाला में पहुंचे देश-प्रदेश के टूर व एडवेंचर ऑपरेटर्स -टूरिज्म बोर्ड के सहयोग से पर्यटकों को लुभाने के लिए पेंच पार्क प्रबंधन सिवनी नए प्रयोग कर रहा है। पेंच नेशनल पार्क में पर्यटन की बहुत अच्छी संभावना है, हम यहां व्हीकल सफारी, नेचर सफारी, जंगल सफारी के साथ मचान स्टे, विलेज वॉक को बढ़ावा दे रहें हैं। स्टार गेजिंग के क्षेत्र में भी संभावना को तलाशा जा रहा है और अब पार्क में एडवेंचर पर्यटन को भी बढ़ावा दिया जाएगा। यह विचार पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर श्री रजनीश सिंह ने की कार्यशाला में व्यक्त किए। मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड द्वारा सिवनी जिले में स्थित पेंच टाइगर रिजर्व में पर्यटन को बढ़ाने हेतु तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया, जो एमपीटी किपलिंग्स कोर्ट में हुई। इस कार्यशाला में पेंच टाइगर रिजर्व सहित पेंच पार्क में पर्यटकों को और अधिक व सुविधाजनक, रोमांचक यात्रा देने पर मंथन किया गया। कार्यशाला में देश-प्रदेश से आए एडवेंचर ऑपरेटर्स को मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की एडवेंचर पॉलिसी से बोर्ड के ज्वाइंट डायरेक्टर श्री एसके श्रीवास्तव ने अवगत करवाया। उन्होंने पेंच टाइगर रिजर्व प्रबंधन से आग्रह किया कि पार्क में साल भर पर्यटन गतिविधियां होती रहें, जिससे पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। श्री श्रीवास्तव ने सुझाव दिया कि मैराथन दौड़, विलेज वॉक को नियमित किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड का फोकस रिस्पांसिबल टूरिज्म पर है, हमारा प्रयास है कि ऐसे पर्यटन को बढ़ावा दिया जाए, जिसमें पर्यावरण को कम से कम नुकसान पहुंचे। साथ ही ग्रामीणों को रोजगार मिले। पेंच टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर रजनीश कुमार सिंह ने बताया कि एक समय में यहाँ 20 से भी कम टाइगर रह गए थे, जो सामूहिक प्रयासों से अब 130 से ज्यादा हो गए हैं। उन्होंने एडवेंचर ऑपरेटर्स को नेशनल पार्क के कोर-बफर और सेंसटिव जोन के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ पर्यटन बढ़ाने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के बारे में भी बताया। कार्यशाला में पेंच में सामुदायिक सहभागिता और इको टूरिज्म विकसित करने, मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड की योजनाओं, आगामी कार्यक्रम, एवं मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड से मिलने वाली सहायता से अवगत कराने जैसे बिंदुओं पर विषय-विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई। इस कार्यशाला में मुख्य रूप से श्री जयदेव प्रसाद, फील्ड डायरेक्टर पेंच नेशनल पार्क, श्री रजनीश कुमार सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पेंच नेशनल पार्क, श्री डॉ.एसके श्रीवास्तव, ज्वाइंट डायरेक्टर, टूरिज्म बोर्ड, श्री प्रदीप मूर्ति सदस्य एडवेंचर बोर्ड, इंडिया हिल्स की प्रमुख श्रीमती इज्ज़त याकानागी, श्री रेड्डी, जिला पर्यटन विकास परिषद के सचिव श्री संदीप मिश्रा सहित बड़ी संख्या में होटल संचालक व टूर ऑपरेटर उपस्थित थे।

### नशामुक्ति अभियान पर पीजी कालेज में हुई परिचर्चा

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिवनी में नशा मुक्ति अंतर्राष्ट्रीय दिवस के उपलक्ष्य में प्राचार्य डॉ. रविशंकर नाग के संरक्षण में एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन में नशा मुक्ति पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। विशेष वक्ता के रूप में महाविद्यालय क्रीड़ा अधिकारी के.सी. राउर ने बताया कि नशे के आदी व्यक्ति को समाज में हेय की दृष्टि से देखा जाता है, नशे करने वाला व्यक्ति परिवार के लिए बोझ स्वरूप हो जाता है, उसकी समाज एवं राष्ट्र के लिए उपादेयता शून्य हो जाती है।

खबर संक्षेप

### 200 रुपये की मछली जप्त, राशि शासकीय कोष में होगी जमा

**बालाघाट।** बुधवार को लालबर्रा में बकोडा चौक बाजार में मत्स्य विभाग ने कार्यवाही करते हुए 60 किलो मछली जब्त की है। मत्स्य अधिकारी श्रीमती पूजा रोडगे ने बताया कि मत्स्याखेट प्रतिबंध अवधि के दौरान लोकल माइनर और मेजर कार्प की मछलियां जब्त की गई है। मप्र नदीय मत्स्योद्योग अधिनियम 1972 की धारा 3(2) के तहत कार्यवाही की गई है। इसमें 35 किलो लोकल माइनर और 25वकिलो मेजर कार्प जब्त की गई। इन दोनों प्रजातियों की मछलियों के अलावा 4200 रुपये जब्त किए गए।

### 30 जून से 1 अक्टूबर तक रेत खदानों पर खनन कार्य होगा प्रतिबंधित

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने भौमिकी तथा खनिकर्म भोपाल के पत्र के पालन में रेत खनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए है। जारी पत्र में मानसून सत्र 30 जून से 1 अक्टूबर तक कि अवधि में जिले में संचालित समस्त रेत खदानों में खनन कार्य पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही मप्र स्टेट माइनिंग कार्पोरेशन लिमि. द्वारा नियुक्त माईन डेवलपर कम ऑपरेटर व खनिरियायतधारी रेत खदानों में रेत निकासी के लिए अस्थायी रूप से बनाई गई संरचना व मलबा आदि नदी के जल प्रवाह क्षेत्र से हटाने के निर्देश जारी किए है।

### संसद द्वारा पारित नए कानूनों पर हुआ ऑनलाइन सेमिनार

**बालाघाट।** संसद द्वारा पारित नए कानूनों के सम्बंध में बुधवार को ऑनलाइन प्रशिक्षण आयोजित हुआ। प्रशिक्षण में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023, भारतीय न्याय संहिता 2023 और भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के महत्वपूर्ण उपबंधों के सम्बंध में चर्चा की गई।

### सीएम के आदेश का नहीं दिख रहा असर, कार्वाई करने से बच रहे अफसर

# शिक्षा का बाजारीकरण : प्राइवेट स्कूलों के संचालकों ने मचा रखी लूट

हरिभूमि न्यूज कटंगी।

बालाघाट जिले के विकासखंड कटंगी में काफी लंबे समय से निजी स्कूलों द्वारा मोटी फीस और स्कूलों में चलाए जा रहे महंगे सिलेबस की पुस्तकों से अभिभावकों की मेहनत की कमाई को लूटा जा रहा है लेकिन शिक्षा विभाग के जिम्मेदार सरकारी अधिकारी पूरे मामले पर कार्रवाई करने से जानबूझकर हमेशा की तरह इस बार भी बचते हुए नजर आ रहे है. प्राइवेट स्कूलों ने कॉपी-किताबों से लेकर स्कूल ड्रेस, लंच बॉक्स, बेल्ट, कम्पास बाक्स तक की दुकानें फिक्स कर रखी हैं और कुछ प्राइवेट स्कूल खुद दुकानदार बनकर यह सामग्री बेच रहे है. आसान भाषा में कहें तो प्राइवेट स्कूलों ने शिक्षा का बाजारीकरण दिया है. जिसका साफ असर मध्यम वर्गीय परिवारों में सबसे अधिक देखने को मिल रहा है. प्राइवेट स्कूलों की इस दुकानदारी से अभिभावकों पर कई गुना खर्च बढ़ गया है. प्राइवेट स्कूलों द्वारा चिन्हित की गई दुकानों के अलावा सामग्री और बच्चों के कोर्स की किताबें कहीं भी नहीं मिल रही है. ऐसे में अभिभावक परेशान होकर प्राइवेट स्कूल द्वारा चिन्हित की गई दुकानों से कॉपी-किताबें, स्कूल ड्रेस और अन्य जरूरी सामग्री खरीदने को मजबूर है. दुकानदारों से प्राइवेट स्कूलों के संचालकों का मोटा कमीशन बंधा हुआ है. प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और जिला कलेक्टर डॉ गिरीश कुमार मिश्रा ने प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर अंकुश लगाने के लिए सख्त आदेश भी जारी किए हैं, लेकिन यह आदेश कागजी साबित हो रहे है।




**हर वर्ष बदल रहे सिलेबस**

प्राइवेट स्कूल संचालकों की मनमानी का अंदाजा इस बात से भी लगाया जा सकता है कि यह हर साल यह अपना पाठ्यक्रम (सिलेबस) बदल देते है. ताकि बच्चों के अभिभावक हर साल नई पुस्तकें खरीदने पर मजबूर हो जाए. जबकि नियमानुसार पाठ्यक्रम बदलने से पहले स्कूलों को विशेषज्ञ समिति से अनुमोदन लेना चाहिए. बताया जा रहा है कि प्राइवेट स्कूल अपने पाठ्यक्रम में फर्जी और नकली आईएसबीएन पुस्तकें भी शामिल करते है. जैसा कि जबलपुर में हुई कार्रवाई के दौरान देखने में आया. पाठ्यक्रम में 60 से 100 प्रतिशत तक का बदलाव करते है. इसके साथ ही प्रकाशकों और विक्रेताओं को पहले ही सूचित कर देते है कि वह मांग और पूर्ति के हिसाब से प्रकाशन कर सकें. जिस कारण खूले बाजार में यह किताबें नहीं मिलती और अभिभावकों को विशेष दुकान या फिर स्कूल ही इन पुस्तकों को खरीदना पड़ता है. जिस कारण एमआरपी और वास्तविक दर में लगभग दोगुना तक का अंतर देखने को मिलता है. प्रकाशक के द्वारा जो छूट अभिभावकों के लिए दी जाती है. उसमें भी प्राइवेट स्कूल सेंध लगा देते है. प्राइवेट स्कूल संचालक पाठ्य पुस्तकों के अलावा अतिरिक्त पुस्तकें भी पाठ्यक्रम में अनावश्यक रूप से शामिल करते है. जिससे ना सिर्फ अभिभावकों की जेब पर असर पड़ता है बल्कि बच्चों के बैग का भार भी बढ़ता है. कटंगी के लगभग सभी प्राइवेट स्कूलों का यहीं हाल है. अगर, इसकी जांच होती है तो सब कुछ सामने आ जाएगा।

**फीस में हर साल की जा रही वृद्धि**

अभिभावकों से मिली जानकारी अनुसार कटंगी हो या फिर बालाघाट जिले का कोई भी प्राइवेट स्कूल यहां हर साल फीस में वृद्धि की जाती है. इसके लिए सरकार के तय नियम का पालन नहीं किया जाता. जैसा कि राज्य में मध्य प्रदेश निजी विद्यालय फीस अधिनियम लागू है. इसके अधिनियम की धारा 5.2 में साफ स्पष्ट है कि 05 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि करने पर समिति को सूचना देना अनिवार्य है और 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के लिए जिला कलेक्टर और 15 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि के लिए राज्य स्तरीय कमेटी से अनुमति लेनी होती है. अब प्राइवेट स्कूल संचालक समिति की खास बात यह है कि इस कमेटी में प्राइवेट स्कूल के संचालक और उनके नाते रिश्तेदार शामिल होते है. जिस कारण यह मनमाना तरीके हर साल फीस में वृद्धि कर अभिभावकों की जेबों को खाली कर रहे है।

## आदिवासी किसान की बेटी बनी कृषि विभाग में एडीओ

### यागनी टेकाम बोलीं- सफलता के लिए मेहनत और लगन जरूरी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कहते हैं कि ''यत्न करने से वीराने में भी सुमन जग जाते हैं जो फटे आंचल तो कच्चे धागों से भी सील जाते हैं, अगर उमंगों से भरा हो मन और कर्मों पर हो विश्वास तो मीरा को कृष्ण भी मिल जाते हैं'' इन पंक्तियों को अपने जोश, उमंग और यत्न से साकार किया है, परसवाड़ा क्षेत्र के नारंगी उकवा निवासी यागनी तेकाम ने। आदिवासी किसान परिवार से आने वाली यागनी टेकाम ने कृषि में पीएचडी की और अपने ही क्षेत्र में उसे कृषि विभाग में एडीओ के पद पर नियुक्ति मिली है। जिसके एडीओ बनने के बाद प्रथम बार ग्राम आगमन पर परिजनों, स्नेहीजनों और ग्रामीणों ने ढोल, नगाड़ो की धुन और आतिशबाजी से स्वागत किया। ग्राम पहुंची यागनी तेकाम ने अपनी सफलता का श्रेय अपने परिजनों और गुरुजनों को दिया है।यागनी तेकाम ने यह सफलता अपनी मेहनत और लगन से हासिल की है और उन आदिवासी परिवार के युवाओं के लिए प्रेरणा बनी है, जो आगे नहीं बढ़ पाते हैं। यागनी तेकाम के पिता पेश से किसान और मां प्राथमिकी शिक्षिका है। जिनके प्रोत्साहन से यागनी ने यह सफलता अर्जित की है।



**मेहनत और लगन से किया प्रयास**

मीडिया से चर्चा में यागनी तेकाम ने बताया कि उनकी प्राथमिक शिक्षा के उकवा के ग्राम नारंगी में हुई। जिसके बाद माध्यमिक शिक्षा नवोदय विद्यालय, कृषि स्नातक की पढ़ाई, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर से की। जिसके उपरांत मैंने पीएचडी की। उन्होंने बताया कि पढ़ाई के दौरान उन्हें बहुत सारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। यागनी ने कहा कि आदिवासी समाज की समस्याओं और पारिवारिक परिवेश के चलते समाज की बेटियां पीछे रह जाती हैं, लेकिन उन्हें याद रखना पड़ेगा कि अपने भविष्य की निर्माता वह स्वयं हैं। यदि कोई अपने लक्ष्य को पाने, मेहनत और लगन से प्रयास करता है तो सफलता अवश्य मिलती है।

### एक जुलाई को डॉक्टर्स-डे और सीए-डे से करेगी नए कार्यकाल की शुरूआत

## रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास की अध्यक्ष बनी रोटे. पूजा सचदेव और सचिव बनी रोटे. श्रद्धा वैद्य

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



जिले में रचनात्मक कार्यो और सामाजिक सेवा में अग्रणी संस्था रोटरी क्लब ऑफ वैनगंगा दिवास की नवीन कार्यकारिणी का गठन, 26 जून को किया गया। जिसमें एक वर्षीय कार्यकाल के नवीन कार्यकारिणी में अध्यक्ष रोटे. पूजा अग्रवाल और सचिव रोटे. श्रद्धा वैद्य मनोनित की गई है। जो आगामी एक जुलाई को डॉक्टर्स-डे और सीए-डे, से अपने नए कार्यक्रम और नए कार्यकाल की शुरूआत करेगी।

नवीन सत्र 2024-25 के नवनियुक्त अध्यक्ष रोटे. पूनम सचदेव ने दिवास, सामाजिक कार्यो के साथ-साथ अन्य रचनात्मक कार्यों में भी हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सक्रियता से कार्य करेगा। अध्यक्ष पूनम सचदेव ने अपनी नई कार्यकारिणी में क्लब मेंटर पीपी दिव्या वैद्य, क्लब ट्रेनर पीपी श्रुति तिवारी, आईपीपी रोटे. मेघा चोपड़ा, वाईस प्रेसिडेंट रोटे. गीता सचदेव, प्रेसिडेंट इलेक्ट रोटे. रितु माहेश्वरी, सेक्रेटरी रोटे. श्रद्धा वैद्य, ट्रेजर रोटे. पूनम अग्रवाल, ज्वाईंट सेक्रेटरी रोटरी सिल्की लोढा, चीफ एक्जिक्यूटिव सेक्रेटरी रोटे. दिप्ती जैन, चीफ मेडिकल ऑफिसर रोटे. झरना जैन, क्लब सर्विस डायरेक्टर रोटे. हेमा वाधवानी, वोकेशनल सर्विस डायरेक्टर रोटे. गुलशन माहेश्वरी, युथ सर्विस डायरेक्टर रोटे. विद्या गौतम, कम्युनिटी सर्विस डायरेक्टर रोटे. स्नेहा वैद्य, पब्लिक रिलेशन ऑफिसर रोटे. भारती शरणागत, इंटरनेशनल सर्विस डायरेक्टर रोटे. रश्मि बाघरेचा, फंड रिलिजिंग चेयरमेन रोटे. नम्रता कांकरिया, रोटे. मिलन जैन, क्रियेटिव हेड रोटे. कृति बोथरा, रोटे. हीरल त्रिवेदी, वेलफेयर ऑफिसर रोटे. मानु आहुजा, रोटे. अंकिता वैद्य, वेब मास्टर रोटे. चारू जैन, सर्जेंट एट आर्म्स रोटे. माधुरी जैन, रोटे. श्वेता जैन और रोटे. निधि चौहान को मनोनित किया गया है।

### आज से सीएलएफ स्तर पर जनपदों में दीदियों का प्रशिक्षण होगा प्रारम्भ

**बालाघाट।** जिले में आजीविका मिशन से जुड़ी दीदियों के लिए इनिशिएटिव कार्यक्रम के तहत गुरुवार से प्रशिक्षण प्रारम्भ हो रहे है। प्रत्येक जनपद में होने वाले ये प्रशिक्षण 3-3 दिवसीय होंगे। सीएलएफ स्तर पर गठित थीमेटिक सेल जनपदों में किया गया है। प्रशिक्षण में कृषि एवं गैर कृषि व राज्य तथा जिला स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर द्वारा दिया जाएगा। प्रशिक्षण वारासिवनी के आजीविका भवन में 27 जून से 29 तक वारासिवनी, खैरलांजी और लालबर्रा का और गौरव सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र वारासिवनी में कटंगी, बालाघाट और लांजी के लिए आयोजित होगा। इसी तरह संगम सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र परसवाड़ा में 27 से 29 जून को बैहर व बिरसा व 1 जुलाई से 3 जुलाई को परसवाड़ा व बालाघाट के लिए तथा 1 से 3 जुलाई को ही वारासिवनी के गौरव सामुदायिक प्रशिक्षण केंद्र में लांजी व किरनापुर के लिए आयोजित होगा।

## शोषण के खिलाफ बासी-बकेरा एथेनॉल प्लांट के सिक्यूरिटी गार्डों ने दिया धरना प्रदर्शन

### प्रबंधन के मॉग पूर्ति के आश्वासन पर माने गार्ड

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बकेरा व बासी में बने एथेनॉल प्लांट में कार्यरत सिक्यूरिटी गार्ड के शोषण का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा हैं। पिछले 2 वर्षो से एक कंपनी के अधीनस्थ कार्य कर रहे इन सिक्यूरिटी गार्डो का कंपनी व प्लांट दोनों द्वारा खूब शोषण किया जा रहा हैं। अपने शोषण को लेकर इन सिक्यूरिटी गार्डो ने कई बार विरोध प्रकट भी किया, लेकिन कंपनी व संस्थान द्वारा उन्हें आश्वासन देकर समझा दिया जाता हैं, लेकिन फिर उस आश्वासन को पूरा नहीं किया जाता हैं। जानकारी अनुसार पिछले 2 वर्षो से एथेनाल प्लांट में प्लांट की सुरक्षा के लिए सिक्यूरिटी गार्ड तैनात हैं। यह सिक्यूरिटी गार्ड एक कंपनी द्वारा प्लांट को उपलब्ध करवाए गए हैं। इन सिक्यूरिटी गार्ड से प्लांट के संचालकों द्वारा 12 घंटे की ड्यूटी ली जा रही हैं और उन्हें किसी भी प्रकार की सुविधा उपलब्ध नहीं करवाई जा रही हैं। प्लांट को सुरक्षा प्रदान करने वाले इन सिक्यूरिटी गार्ड की सुरक्षा की कोई भी व्यवस्था प्लांट या कंपनी की ओर नहीं की गई हैं। जिसके कारण उनका खुद का जीवन असुरक्षित हैं।



बताया जाता हैं कि गत दिनों एक सिक्यूरिटी गार्ड का पैर ड्यूटी के दौरान टूट गया था, लेकिन प्लांट प्रबंधकों या कंपनी द्वारा उस सिक्यूरिटी गार्ड की किसी भी प्रकार की मदद नहीं की गई। जिसके कारण उसे स्वयं ही अपना इलाज करवाना पड़ा। इन सिक्यूरिटी गार्ड से प्लांट व कंपनी द्वारा 8 घंटे के स्थान पर 12 घंटे का काम लिया जा रहा हैं। इन्हें पिछल 2 वर्षो से न तो ज्वानिंग लेटर दिया गया, न सैलेरी स्लिप दी जा रही हैं, और न तो इंक्रीमेंट दिया जा रहा हैं। इन सिक्यूरिटी गार्डो को वीकली ऑफ, मेडिकल सुविधा और उनके लिए उनके खुद की सुरक्षा के लिए कोई उपकरण तक नहीं दिए गए हैं। इन्हें वॉकी-टॉकी तक नहीं दिया गया है, इनका पी एफ भी नहीं कट रहा हैं।

इन सब बातों को लेकर 25 जून को प्लांट के सिक्यूरिटी गार्डो द्वारा प्लांट के सामने धरना प्रदर्शन व हड़ताल कर दी गई थी। जिसकी जानकारी मिलने पर जनपद सदस्य ओमेश्वरी देशमुख के प्रतिनिधि मोनू देशमुख ने तत्काल स्थल पर पहुँच कर उनकी समस्याओं को सुना और भूतपूर्व विधायक डॉक्टर योगेंद्र निर्मल, वर्तमान विधायक विवेक विक्की पटेल से संपर्क कर उन्हें सिक्यूरिटी गार्ड की परेशानियों से अवगत कराया।मामले की गंभीरता को समझते हुए भूतपूर्व विधायक डॉ. योगेन्द्र निर्मल अपने साथियों मूरत सिंह पारधी, हीरामन रहांगडाले, अजय बिसेन, पीतांबर नागेश्वर व कुँवर लाल ठाकरे के साथ प्लांट पहुँचे और धरना प्रदर्शन कर रहे सिक्यूरिटी गार्डो से उनकी समस्याओं व परेशानियों के बारे में जानकारी ली। इसी दौरान विधायक विवेक पटेल के प्रतिनिधि भी वहॉ पर पहुँचे और हड़ताल के संबंध में जानकारी हासिल की।

### कलेक्टर ने जनशिक्षक और बीआरसी को भी दोषी माना

## 23 दिनों से अनाधिकृत रूप से शिक्षक की अनुपस्थिति के मामलें में कार्रवाई

**जनशिक्षक तत्काल प्रभाव से निलंबित, शिक्षक की दो और बीआरसी की एक वेतनवृद्धि रोकते हुए प्रतिनियुक्ति समाप्ति के आदेश जारी**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने परसवाड़ा जनपद में टिकरिया की प्राथमिक शाला में 23 दिनों से अनुपस्थित शिक्षक के मामलें को गंभीरता से लेते हुए जनजाति कार्य विभाग से जांच करवाई गई। जांच के बाद प्रस्तुत प्रतिवेदन के आधार पर जनशिक्षक, बीआरसी और सम्बंधित शिक्षक पर कार्रवाई की गई है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सम्बंधित जनशिक्षक श्रीमती वैशाली बिसेन को भी इस मामलें में दोषी मानते हुए उन्हें तत्काल निलंबित किया है। इनका दायित्व शालाओं का सतत निरीक्षण कर वरिष्ठ अधिकारियों के संज्ञान में लाना था। इन्होंने शालाओं की उपस्थिति और संचालन पर कोई ध्यान नहीं दिया। इसके साथ ही सम्बंधित बीआरसी अरुण कुमार बिठले जिनका मूल पद माध्यमिक शिक्षक है। वे जनपद शिक्षा केन्द्र परसवाड़ा में बीआरसी पद पर प्रतिनियुक्ति पर है। इनका दायित्व भी निरीक्षण कर शालाओं में व्याप्त समस्याओं का निराकरण करना था। यहां इनकी लापरवाही रहीं है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने उनकी एक वेतनवृद्धि रोकने के साथ ही प्रतिनियुक्ति समाप्त करने के आदेश दिए है। इतना ही नहीं इस पूरे मामलें में उन्हें 3 दिनों के भीतर जवाब भी देना होगा। इसके अलावा शाप्रावि के प्राथमिक शिक्षक रूपेंद्र कुमार रावते पर अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए उनकी 2 वेतनवृद्धि रोकने के साथ ही अनाधिकृत अनुपस्थिति अवधि का डाइज नॉन अवकाश स्वीकृत करने के आदेश किये है।साथ ही शिक्षक को 3 दिनों में इसका जवाब भी देना होगा। ज्ञात हो कि 23 दिनों से शाला से अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने का समाचार पत्र भी प्रकाशित हुआ था। इस पर संज्ञान लेकर कार्रवाई की गई है।

### जिलें में 58 हजार से अधिक श्रमिक है पंजीकृत

**बालाघाट।** मप्र शासन ने ऐसे श्रमिकों के लिए योजना लागू की है जो भवन व अन्य संनिर्माण कर्मकार मंडल में पंजीकृत है और वे दिव्यांग है तो उनको ई-स्कूटर प्रदान की जा सकती है। इस योजना का उद्देश्य है कि मण्डल में पंजीकृत श्रमिक को उनके कार्यस्थल तक आवागमन करने में कोई समस्या न हो। इसके लिए शासन द्वारा निर्धारित वाहन क्रय करने के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। इस योजना के बारे में श्रम पदाधिकारी दामिनी सिंह ने बताया कि जिले में कर्मकार मंडल में कुल 58535 श्रमिक पंजीबद्ध है। यह योजना अधिनियम की धारा 12 के नियम 272 के अंतर्गत परिचय पत्र धारी निर्माण श्रमिक पर लागू होगी। साथ ही दिव्यांग वो जिन्हें यूनिक डिसेबिलिटी आईडी दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा जारी की गई हो। दिव्यांग को 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता होनी चाहिए। जिन्हें यूडीआईडी कार्ड 1 अप्रैल 2023 के बाद का जारी किया होना चाहिए। वहीं संनिर्माण के वे श्रमिक एवं उनके पंजीयन कार्ड में सम्मिलित आश्रित परिवार के सदस्य की दिव्यांगता की स्थिति में उनके आने जाने के लिए मोटर चालित तिपहिया सायकिल एवं अन्य सभी दिव्यांग उपकरण क्रय करने के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाएगी। इसके लिए 100 प्रतिशत राशि मण्डल द्वारा अनुदान के रूप में अधिकतम 35 हजार रुपये प्रदान की जाएगी।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर 29 को

**बालाघाट।** जिले के वारासिवनी शहर में बस स्टैंड के पास स्थित गुरुनानक धर्मशाला में 29 जून शनिवार को सुबह 10 बजे से शाम 4 तक सहयोग सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल गोंदिया बालाघाट एवं महावीर इंटरनेशनल वारासिवनी के संयुक्त तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इस शिविर में हृदय रोग, मधुमेह रोग, नेत्र रोग की जांच एवं जनरल चेकअप किया जाएगा। शिविर में निःशुल्क बीपी एवं शुगर की भी जांच की जाएगी। इस शिविर में प्रमुख रूप से डॉ. आदित्य महाजन (मधुमेह रोग), डॉ. अर्शीश राउत(हृदय रोग), डॉ. शिवानी कॉमडी (नेत्र रोग), डॉ. जयश्री अरोरा, डॉ. रविंद्र ताथोड़, डॉ. भारती सुराना और डॉ. भावेश खंडेलवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे। इस शिविर का स्वास्थ्य लाभ लेने की अपील सहयोग हॉस्पिटल बालाघाट एवं वीर तरुण सुराना, श्रीमती रीना कासल, वीर विनय सुराना, पवन सिंह, वीर गोपाल खंडेलवाल, वीर जयप्रकाश अग्रवाल, वीर रितु डाली अग्रवाल, वीर प्रदीप जैन, वीर संदीप रूसिया, वीर राजेंद्र खंडेलवाल, वीर मुकेश मॉडल एवं समस्त आयोजक परिवार ने की है।

## 9 शिक्षकों का एक दिन का कांटा वेतन, बीआरसी को जारी किया नोटिस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा स्कूलों में शिक्षकों की उपस्थिति को बड़ी गम्भीरता से लेते हुए 9 शिक्षकों पर कार्रवाई की है। साथ ही सम्बंधित बीआरसी को नोटिस भी जारी किया है। ज्ञात हो की 22 जून को प्राथमिक शाला मोतेगांव और माध्यमिक शाला मौरिया का जनपद उपाध्यक्ष श्री शंकर लाल बिसेन ने निरीक्षण किया था। इस दौरान ग्रामीणों ने बताया था कि स्कूल हमेशा ही इसी तरह संचालित होता है। इसके बाद कलेक्टर डॉ. मिश्रा के निर्देशों के बाद दोनों स्कूलों के सभी 9 शिक्षको को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। पुनः निर्देशों पर जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय ने मप्र सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम-3-के उपनियम (क) (ख)(ग) के उल्लंघन करने पर जून माह के वेतन से एक दिन की वेतन कटौती करने के आदेश जारी किए गए है। इनके अलावा बीआरसी श्री दशरथ गौतम को शोकॉज नोटिस भी जारी किया गया है।

**इनकी कांटी जाएगी एक दिन की सैलरीः** जिला शिक्षा अधिकारी श्री एके उपाध्याय के आदेशानुसार शाप्राशा मोतेगांव के प्राथ. शिक्षक श्री राजेश यादव, प्राथ. शिक्षक श्रीमती शकुल उइके, शामाशा मौरिया के प्रधान पाठक बीएल कृपाल, माध्यमिक शिक्षक रमेश टेम्भरे, रामकुमार चौधरी, बहादुर सिंह आर्मो, प्राथ. शिक्षक किशनलाल रहांगडाले, अर्जुन सिंह उइके तथा शामाशा मौरिया की ही प्राथ. शिक्षक श्रीमती सुनिता टेम्भरे का एक दिन का वेतन कांटा जायेगा।

### थाना प्रभारी बोले- अपराध और सड़क हादसों के पीछे नशा एक प्रमुख कारण

## पुलिस ने चलाया नशा मुक्ति अभियान का हुआ समापन

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** कटंगी पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया गया. एक सप्ताह तक चलाए गए इस अभियान का बुधवार की शाम कटंगी थाना परिसर में नगर परिषद अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर और थाना प्रभारी जयंत मर्सकोले की प्रमुख मौजूदगी में समापन हुआ. समापन कार्यक्रम में नगर के प्रबुद्धजन और पत्रकार शामिल हुए. थाना प्रभारी ने बताया कि नशा मुक्ति जन जागृति अभियान के दौरान नशा मुक्त शहर और क्षेत्र बनाने के लिए जागरूकता अभियान के तहत कई आयोजन आंगनवाड़ी और स्कूल में किए गए. इस दौरान युवाओं को समझाया गया कि नशे से दूर रहें. नशे के दुष्प्रभाव भी बताए गए. इसका युवाओं पर अच्छा प्रभाव पड़ा. जिसके सकारात्मक परिणाम देखने में आएंगे. थाना प्रभारी ने बताया कि इस अभियान के दौरान युवाओं को यह बताया कि किसी भी तरह के अपराध और सड़क हादसों के पीछे नशीले पदार्थ का सेवन एक प्रमुख कारण होता है. नशा ना सिर्फ एक व्यक्ति बल्कि उसके परिवार के पिछड़ेपन का कारण होता है. इसलिए इससे दूर रहने की जरूरत है।



नगर परिषद कटंगी अध्यक्ष योगेन्द्र ठाकुर और समापन कार्यक्रम में पहुंच प्रबुद्धजनों ने भी नशे को लेकर अपने विचार रखें. यहां बताया गया कि शहर के सूनसान इलाकों को नशेड़ियों ने अपना अड्डा बना लिया है. खजरी-खमरिया बायपास के बीच रात्रि 11 बजे के बाद नशेड़ियों की महफिल सजती है. पुलिस ने कहा कि इन पांइट में अब गश्ती की जाएगी और नशा करने वालों को समझाइश देने के बाद अगर फिर भी सुधार नहीं हुआ तो कार्रवाई की जाएगी. थाना प्रभारी और नगर परिषद अध्यक्ष ने सामूहिक तौर पर साझा बयान जारी करते हुए नगर की जनता से मांग की है कि जिन घरों में कोई भी व्यक्ति किराएदार रह रहा है उसकी संपूर्ण जानकारी पुलिस और नगर परिषद को दे. ताकि किसी भी तरह के अपराध को बढ़ावा ना मिले. गौरतलब हो कि बीते दिनों एक घटना में शामिल हत्या का आरोपी कटंगी के एक वार्ड में किराएदार बनकर रह रहा था. जिसके बाद से पुलिस लगातार मकान मालिकों को किराएदार की जानकारी पुलिस से साझा करने की अपील कर रही है. नागरिकों ने शहर में भारी भरकम वाहनों की आवाजाही पर रोक लगाने की भी की मांग की।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय बालाघाट
ADMISSIONS OPEN 2024-25
AGRICULTURE
B.Sc.(Hons.) Ag. | B.Tech.
M.Sc.(Ag) (Agronomy/Horticulture)
LAW
BA LL.B. | LL.B. | LL.M.
कैम्पस : वारासिवनी रोड, डोंगरिया, बालाघाट (म.प्र.) | 9174192111, 9174202111

SATPUDA ENGINEERING COLLEGE
Approved by AICTE, New Delhi, Affilited by RGPV Bhopal & DTE MP
4 Year Degree
B.Tech. & Polytechnic
3 Year Diploma
COMPUTER SCIENCE ENGG.|
MINNING | CIVIL | MECHANICAL | ELECTRICAL
Lalburra Road Garra, Balaghat Mob. 6262604111, 9425836824,
www.satpudaengineeringcollege.com